तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 24.1 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025

7 एनएचएम कर्मियों की हड़ताल सामूहिक इस्तीफे के बाद अब...


8 दो माह में अवैध रेत के 110 प्रकरण दर्ज इनमें...


# रिकॉर्ड तोड़ने होड़... पिछली बार प्रक्रिया पूर्ण करने लगा दिए 6 साल, इस बार 1.39 लाख अर्जी लेकिन शेड्यूल गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीएससी पुलिस भर्ती परीक्षा में देरी का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिशों में जुटी हुई है। आवेदन मंगाए जाने के एक साल बाद भी युवाओं को यह पता नहीं है कि आखिर उनकी परीक्षा कब होगी? हताश युवा अब परीक्षा की तारीख पाने यहां-वहां चक्कर काटकर अर्जी दे रहे हैं। गौरतलब है कि पीएससी ने सालभर पहले एसआई भर्ती परीक्षा के लिए युवाओं से आवेदन मांगे।

- फिजिकल टेस्ट अब तक नहीं, निराश कैंडिडेट्स काट रहे चक्कर

अलग खबर

## एसआई भर्ती परीक्षा : एक साल पहले 341 सीटों के लिए मांगे आवेदन

### इन चरणों में होगी भर्ती प्रक्रिया

पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में प्रारंभिक दस्तावेज सत्यापन के पश्चात शारीरिक मापदंड जांच होती है। इसमें आरक्षित वर्ग को ऊंचाई में छूट दी जाती हैं। तत्पश्चात शारीरिक नापजोख किया जाता है। इसमें सफल अभ्यर्थी प्रारंभिक परीक्षा का हिस्सा बनते हैं। इसमें उत्तीर्ण कैंडिडेट्स को मुख्य परीक्षा, मेडिकल परीक्षण तथा अंतिम चरण के रूप में साक्षात्कार से गुजरना पड़ता है। इस तरह से प्रारंभिक चरण से लेकर अंतिम सूची जारी होने तक लगभग सालभर का समय लगता है, लेकिन अब तक इस प्रक्रिया की शुरुआत ही नहीं की जा सकी है।



### पहले भी हो चुका विवाद

इसके पहले 2018 में पुलिस भर्ती परीक्षा के विज्ञापन जारी हुए थे। उस वक्त 655 पदों पर भर्ती निकाली गई। विवादों के कारण भर्ती प्रक्रिया अटकी रही। 2021 में पुनः विज्ञापन निकालकर पद संख्या 975 की गई। इन पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया 2024 तक चली। इस तरह से 6 वर्ष का समय चयन प्रक्रिया पूर्ण करने में लगा। इस अंतराल में कैंडिडेट्स ने कई आंदोलन भी किए। वर्तमान में पुलिस भर्ती के अंतर्गत जिन 341 पदों पर भर्ती की जानी है, उनमें से 278 पद उप निरीक्षक, 19 पद सूबेदार, 14 पद प्लाटून तथा शेष अन्य विभागों के हैं।

2024 में 23 अगस्त से 21 सितंबर तक युवाओं से आवेदन मांगे गए। पीएससी द्वारा जारी विज्ञापन के अनुसार, 341 सीटों पर इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से भर्ती की जानी है। आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हुए लगभग एक वर्ष हो चुके हैं, लेकिन पीएससी ने उम्मीदवारों को अब तक यह नहीं बता सका है कि परीक्षा कब होगी।

अभ्यर्थी पुलिस अधिकारियों से लेकर कई मंत्रियों से मुलाकात कर चुके हैं, लेकिन उन्हें हर बार निराशा ही हाथ लगी। अभ्यर्थियों का कहना है कि उन्हें नवंबर-दिसंबर तक इंतजार करने की बात कही गई है। इसके अलावा उन्हें कहा गया कि वे अन्य भर्ती पर भी ध्यान दें, केवल इसे ही पूरी तरह से अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर ना चलें।

## खबर संक्षेप

### देशी शराब बेचने ग्राहक तलाशते बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** देशी शराब की बिक्री के लिए सुनसान इलाके में बैठकर ग्राहक की तलाश करने वाले बदमाश दयानंद उर्फ बोदू साहू को खमतराई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूचना मिली थी कि सूखा मैदान रावांभाठा के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए रखा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वहां बैठे बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी एवं सफेद रंग के प्लास्टिक झोले से कुल 102 पौवा देशी मसाला शराब बरामद की। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### दुकान में चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** सुराना मार्केट सिटी सेंटर मॉल के पीछे पंडरी रायपुर मे अमृत हाउस आफ कारीगरी नामक दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरों ने दुकान के गल्ले में रखे 25 हजार रुपए पर हाथ साफ कर दिया था। शिकायत पर देवेंद्र नगर पुलिस ने अपराध दर्ज जांच शुरू की और तेलीबांधा निवासी आशीष यादव पकड़ा। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने दो साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। उनके कब्जे से चोरी की नकद रकम 25 हजार रुपए जब्त की गई।

### घर के सामने कार खड़ी करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** घर के सामने कार खड़ी करने के विवाद पर दो लोगों के बीच मारपीट हो गई। इंद्रप्रस्थ फेस-2 में रहने वाले राजेंद्र साहू को अपने घर के सामने कार खड़ी करने पर आपत्ति थी। उसने इस बात को लेकर आपत्ति की, मगर नितिन पारेख ने उसे नजरअंदाज कर दिया। इससे राजेंद्र का गुस्सा भड़क गया और उसने नितिन की पिटाई कर दी। नितिन की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने राजेंद्र के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

सोमवार को निकाली जाएगी विसर्जन झांकी, प्रशासन ने की तैयारी

# 50 झांकियों से जगमगाएगा शहर, कई मार्ग बंद रहेंगे, 600 जवान रहेंगे तैनात, ड्रोन से निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


राजधानी में सोमवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन करने झांकी निकाली जाएगी। प्रतिमा विसर्जन करने इस बार 50 के करीब गणेश समितियों ने झांकी निकालने अनुमति मांगी है। प्रतिमा विसर्जन को लेकर निकलने वाली झांकी में किसी तरह का उपद्रव न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए सभी थानों के बल के साथ छह सौ पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। झांकी में किसी तरह से कोई गड़बड़ी न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए सिविल में पुरुष के साथ महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। झांकी परंपरागत रूट से निकाली जाएगी। रूट में किसी तरह से कोई बदलाव नहीं किया गया है। जिस दिन गणेश प्रतिमा ▶▶|शेष पेज 6 पर

## पूरी व्यवस्था को 16 राजपत्रित अफसर करेंगे मेटेंन

### यहां रूट डायवर्ट किया जाएगा

- महादेव घाट में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान रायपुरा से अमलेश्वर की ओर आवागमन करने वाले वाहनों का खारुन नदी पुल के ऊपर से आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इस मार्ग से आवागमन करने वाले वाहन भाठागांव, काठाडीह, दतरेंगा होकर आवागमन कर सकेंगे।

▶▶|शेष पेज 6 पर



### इन मार्गों से निकलेगी झांकी

गणेश प्रतिमा विसर्जन करने झांकी के लिए जो रूट तैयार किया गया है, वह इस प्रकार से है- तेलघानी नाका से राठौर चौक, गुरुनानक चौक, एमजी रोड, शारदा चौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड होकर सदर बाजार मार्ग से कंकालीपारा, पुरानीबस्ती मार्ग, ▶▶|शेष पेज 6 पर

### वाहन पार्किंग व्यवस्था

- तेलीबांधा, पंडरी, राजा तालाब क्षेत्र के श्रद्धालुगण जो गणेश विसर्जन झांकी दर्शन करने आएंगे वे अपना वाहन शहीद स्मारक भवन के पास पार्क कर सकते है।
- कटोरा तालाब, टिकरापारा क्षेत्र से आने वाले लोग अपना वाहन गांधी मैदान के पास पार्क कर सकते है।
- मठपारा, पुरानी बस्ती क्षेत्र से आने वाले लोग अपना वाहन धरना स्थल इंडोर स्टेडियम के पास पार्क कर सकेंगे।
- आश्रम चौक , लाखेनगर, समता कालोनी, चौबे कालोनी क्षेत्र क्षेत्र से आने वाले लोग अपना वाहन ईदगाह भाठा मैदान, नवीन बाजार में पार्क कर सकेंगे।

### ड्रोन से निगरानी

विसर्जन झांकी की पुलिस ड्रोन की मदद से निगरानी करेगी। जिन मार्गों में ज्यादा भीड़ होगी, उन मार्गों में ड्रोन से निगरानी करने के साथ ही पुलिस ने अलग से वीडियो ग्राफी करने की व्यवस्था की है। भीड़ में पुलिस की एक टीम संदिग्धों की सतत तलाशी लेने का काम करेगी।

# विवादित गणेश प्रतिमा को ढंकने के बाद भी लोग दर्शन करने पहुंच रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लाखेनगर चौक पर स्थापित विवादित एआई गणेश प्रतिमा को लेकर हंगामा के बाद गुरुवार देर रात स्थापित प्रतिमा के पंडाल को पर्दे से ढंक दिया गया है। बावजूद इसके शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग प्रतिमा देखने पहुंचे। पंडाल के पर्दे से ढंका होने की वजह से लोग निराश होकर लौट रहे हैं। किसी भी प्रकार से कोई गड़बड़ी न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए लाखेनगर से आजाद चौक पहुंच मार्ग के दोनों तरफ बैरिकेडिंग कर आवाजाही बंद कर दी गई है। गणेश समिति से जुड़े लोग मंगलवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन करेंगे। रास्ता मंगलवार तक बंद रहेगा या सोमवार को खोल दिया जाएगा, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। लाखेनगर में ▶▶|शेष पेज 6 पर

- हिंदू संगठन के विरोध के बाद पंडाल में स्थापित गणेश प्रतिमा को पर्दे से ढंका गया



### भीड़ बढ़ने के बाद तनाव की स्थिति

रात साढ़े आठ बजे के करीब पंडाल में श्रध्दालुओं की भीड़ बढ़ने लगी। इधर हिंदू संगठन से जुड़े लोग विरोध में डटे रहे। इसके चलते हिंदू संगठन से जुड़े लोगों के साथ गणेश समिति के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। विवाद को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिसबल तैनात करना पड़ा। पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश में जुटे रहे। हिंदू संगठन से जुड़े लोग प्रतिमा विसर्जन करने की बात पर अड़े रहे। इसके बाद पुलिस ने बीच का रास्ता निकालते हुए प्रतिमा को ढंकने का प्रस्ताव दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ। इस दौरान पुलिस को भीड़ को हटाने बल प्रयोग करना पड़ा, तब स्थिति को पुलिस नियंत्रित कर पाई।

# गेंहू और चना बीज के निर्धारित मूल्य से ज्यादा वसूले पैसे किसानों को लौटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के तिल्दा क्षेत्र में किसानों को निर्धारित से अधिक मूल्य पर बेचा गया गेंहू एवं चना बीज का मामला उजागर होने के बाद क्षेत्र के सभी कृषि विस्तार अधिकारियों ने अपने खिलाफ कार्रवाई होने के डर से किसानों से वसूली गई अंतर की राशि उन्हें लौटा दी है। राशि लौटाने के साथ वे किसानों से पैसे मिल गए, इसकी पावती भी ले रहे हैं, ताकि जांच अधिकारी को सबूत के तौर पर इसे सौंप सकें। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

▶▶|शेष पेज 6 पर



- लगभग सात सौ किसानों से प्रति बोरी बीज में ढाई सौ रुपए से अधिक वसूली गई थी राशि

### जांच जारी है

हमारी प्राथमिकता में था कि पहले किसानों को अंतर की राशि लौटाई जाए। किसानों को अंतर की राशि मिल गई है। इस मामले में साबित हुआ है कि अधिक कीमत पर बीज बेचा गया है। इस मामले में जो अधिकारी जांच कर रहे हैं, उनके द्वारा कार्रवाई के लिए अनुशंसा की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

- सतीश अवस्थी
जिला कृषि अधिकारी रायपुर

### अधिकारी ने कहा- किसानों को लौटा दिए पैसे

इस मामले में फंसे अधिकारी कृष्ण कुमार अनुरागी ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि भूलवश किसानों से गेंहू-चना बीज वितरण के दौरान जो अंतर की राशि ली गई थी, उसे लौटा दिया गया है। इस मामले में विभागीय जांच चल रही है।

# दिव्यांग छात्रों को मिलेगा बोर्ड परीक्षा में ज्यादा समय बैठने की पृथक सुविधा, लेकिन पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के पंजीकरण कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। सीबीएसई के हालिया नोटिस के मुताबिक, सीडब्ल्यूएसएन छात्रों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 9 सितंबर से शुरू होने वाली है।

सीबीएसई ने सीडब्ल्यूएसएन छात्रों के लिए पंजीकरण की समयसीमा 22 सितंबर रात 11:59 बजे तक निर्धारित की है। स्कूलों को इस अवधि के भीतर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी ताकि छात्रों को समय पर सभी आवश्यक परीक्षा सुविधाएं मिल सकें। इस पहल के माध्यम से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता वाले छात्र आवश्यक सुविधाओं का लाभ उठा सकें और आसानी से परीक्षा दे सकें।



- छात्रों की आवश्यकताओं का ख्याल रखते हुए स्कूलों से लिया जाएगा विवरण

छग सहित देशभर के संबंद्ध स्कूलों को इन छात्रों को एक सीमित समय सीमा के भीतर परीक्षा संगम पोर्टल पर पंजीकृत करने का कार्य सौंपा गया है। सही दस्तावेजों और उम्मीदवारों की सूची में उचित अंकन के साथ, छात्रों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाएं प्राप्त होंगी। सीबीएसई का कहना है, बोर्ड दिव्यांग छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षाओं के समावेशिता, निष्पक्षता और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रियाओं के सख्त पालन पर जोर देता है।

### अपलोड करने होंगे विकलांगता प्रमाणपत्र

सीडब्ल्यूएसएन सुविधाओं के लिए पंजीकरण और लाभ उठाने के लिए संबद्ध स्कूलों को सर्वप्रथम पंजीकरण के दौरान उम्मीदवारों की सूची में पात्र छात्रों की पहचान करके उन्हें चिन्हित करना होगा। पात्रता के प्रमाण के रूप में आवश्यक चिकित्सा या विकलांगता प्रमाण पत्र अपलोड करने होंगे। स्कूलों को प्रत्येक छात्र की विकलांगता श्रेणी के अनुरूप परीक्षा सुविधाएं चुननी होंगी। पंजीकरण के बाद सीडब्ल्यूएसएन छात्रों की सुविधाएं उनके प्रवेश पत्र पर स्वतः ही दिखाई देंगी। इससे बोर्ड को यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि परीक्षा केंद्र पर इन छात्रों की जरूरत (अतिरिक्त समय से लेकर विशेष बैठने की व्यवस्था तक) के हिसाब से सुविधाएं हों।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**

## बिलासपुर और सरगुजा संभाग में मूसलाधार रायपुर में रहा सूखा, अभी संभावना भी नहीं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ से आगे बढ़ रहे सिस्टम के प्रभाव से पिछले चौबीस घंटे में बिलासपुर और सरगुजा संभाग में मूसलाधार बारिश हुई है। इस अवधि में रायपुर समेत मध्य इलाके में सूखे जैसी स्थिति रही। अनुमान है कि बंगाल की खाड़ी में किसी तरह का सिस्टम दो दिन बाद ही बनने की संभावना है। अभी राज्य में सीजन की बारिश 976 मिमी. हो चुकी है, जो औसत वर्षा के बराबर है। पिछले चौबीस घंटे में कोरबा के भैंसमा इलाके में 120 मिमी. बारिश रिकार्ड की गई है। बंगाल की खाड़ी में तैयार होने के बाद ओडिशा ▶▶|शेष पेज 6 पर

- दो दिन बाद ही मौसम में बदलाव संभव



# रीपा के भवनों में ग्रामोद्योग की गतिविधियां हों संचालित : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ग्रामोद्योग, स्कूल शिक्षा एवं विधि विधायी विभाग के मंत्री गजेंद्र यादव ने शुक्रवार को न्यू सर्किट हाउस रायपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में ग्रामोद्योग विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभाग के अंतर्गत रेशम, हथकरघा, खादी, हस्तशिल्प एवं माटीकला बोर्ड की कार्यप्रगति का विस्तार से आकलन किया गया।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिलों और विकासखंडों में रीपा भवनों में ग्रामोद्योग की गतिविधियां संचालित कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। मंत्री श्री यादव ने बताया कि राज्य में लगभग 3.15 लाख हितग्राही ग्रामोद्योग के विभिन्न कुटीर उद्योगों से रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलों और विकासखंडों में रीपा भवनों में ग्रामोद्योग की गतिविधियाँ संचालित कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि दोना–पत्तल, कांसा, गोबर से जैविक खाद, पपीता से गुलकंद, फर्नीचर जैसे छोटे उद्योगों की स्थापना कर हितग्राहियों को वित्तीय सहायता दी जाएगी, जिससे नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### ग्रामोद्योग विभाग की समीक्षा बैठक




### सरकारी खरीदी बुनकरों, कारीगरों से

इसके अलावा राज्य शासन ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि शासकीय विभागों में केवल राज्य के बुनकरों और कारीगरों द्वारा निर्मित सामग्री की ही आपूर्ति हो। साथ ही रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में शिल्प ग्राम एवं शिल्प नगरी के निर्माण की कार्ययोजना बनाई जाएगी, ताकि कारीगरों को बेहतर विपणन सुविधा मिले और राज्य की शिल्पकला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा सके। बैठक में सचिव सह संचालक ग्रामोद्योग श्याम धावड़े, प्रबंध संचालक हस्तशिल्प एवं माटीकला बोर्ड जेपी मौर्य, उप सचिव अर्न मरकाम, अपर संचालक रेशम डॉ. राजेश बघेल, संयुक्त संचालक हथकरघा अ. अयाज़ सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पीड़ित परिवारों को 50-50 लाख मुआवजा देने की मांग



**रायपुर।** बगीचा, जशपुर में गणेश विसर्जन के दौरान 4 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई, साथ ही 20 से अधिक लोग घायल हुए। इस मामले को लेकर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर पीड़ित परिवारों को 50-50 लाख मुआवजा देने की मांग की है। श्री बैज ने अपने पत्र में लिखा है, पूर्व में भी जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब जशपुर जिले के ही पत्थलगांव में इसी प्रकार का एक दुखद हादसा हुआ था, तब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पीड़ति परिवारों को 50-50 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके जीवन-निर्वाह की ठोस पहल की थी।

### रामगढ़ पर्वत पर भाजपा की अध्ययन समिति

**रायपुर।** प्रदेश भाजपा संगठन ने रामगढ़ पर्वत को लेकर एक अध्ययन समिति बनाई है। इस समिति में पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा संजोयक बनाए गए हैं। इसी के साथ विधायक रेणुका सिंह और प्रदेश भाजपा के महामंत्री अखिलेश सोनी को सदस्य बनाया गया है। समिति के सदस्य संबंधित स्थान का दौरा कर अपनी रिपोर्ट सात दिनों में प्रदेश संगठन को सौंपेंगे।

### नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू ने जोन कमिश्नर के साथ लिया जायजा



**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन-8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने निगम के नेता प्रतिपक्ष वीर सावरकर नगर वार्ड-1 के पार्षद संदीप साहू समेत जोन 8 जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की उपस्थिति में हीरापुर क्षेत्र में सफाई, पेयजल, तालाब, सड़क, स्कूल का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया और संबधित जोन अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

### एनएचएम कर्मियों की बर्खास्तगी मितानिनों पर अत्याचार

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार क्रूर और अत्याचारी बन गई है। जिस तरह से पिछले 20 दिनों से अधिक हो गए एनएचएम और मितानिन बहनें हड़ताल पर हैं और भाजपा सरकार उन पर बर्बरतापूर्वक कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस उसकी निंदा करती है, यह सरकार की तानाशाही है।
श्री बैज ने कहा, मोदी की गारंटी के नाम से भाजपा ने झूठ बोलने का काम किया है। विधानसभा चुनाव के समय एनएचएम कर्मचारियों, मितानिनों को नियमित करने का काम किया था। अब सरकार उनकी मांगें मानने के बजाए प्रताड़ति कर रही है। सरकार को इनकी मांगों को पूरा करना चाहिए। श्री बैज ने कहा, मितानिनें और एनएचएम कर्मचारियों को मिलाकर लगभग एक लाख स्वास्थ्य से जुड़े कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जिसके कारण प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाएं लगभग बंद हो चुकी हैं।

### प्रदेश के साहित्यकारों की जामवाल से चर्चा



**रायपुर।** भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने प्रदेश के साहित्यकारों से सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण आदि विषयों पर साहित्य लेखन के जरिए सामाजिक जागरण करने पर बल दिया है। श्री जामवाल ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकारों से चर्चा की। प्रदेश के साहित्यकारों ने श्री जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय से सौजन्य भेंट की। साहित्यकारों में डॉ. चित्तरंजन कर, गिरीश पंकज, माणिकलाल वर्मा, डॉ. बलदाऊराम साहू के साथ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा शामिल थे। इस अवसर पर भाजपा के कार्यालय मंत्री अशोक बजाज उपस्थित थे। इस दौरान भाषा और साहित्य विषय को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा भी हुई। प्रदेश संगठन महामंत्री श्री साय ने स्कूली पाठ्य पुस्तकों में छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की जीवनी को शामिल करने के लिए पथ तैयार करने का आग्रह किया। भाजपा पदाधिकारियों से भेंट व चर्चा के बाद साहित्यकारों ने प्रदेश कार्यालय में स्थापित नानाजी देशमुख ग्रन्थालय का भी अवलोकन किया। इस समय प्रदेश के सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी, प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ट्रांसफर के दो माह बाद भी 20 आरआई रायपुर में जमे हुए, जो दूसरे जिलों से आए वे भी खाली बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजस्व निरीक्षकों का तबादला आदेश जारी हुए दो महीने से अधिक समय हो गया है। इसके बाद भी रायपुर जिले से दूसरे जिलों में तबादला किए गए एक दर्जन से अधिक आरआई रायपुर में ही जमे हुए हैं, वहीं दूसरे जिलों से तबादला होकर रायपुर पहुंचे राजस्व निरीक्षक भी खाली बैठे हुए हैं। तबादला होने के बाद भी रायपुर से रिलीव नहीं किए गए राजस्व निरीक्षकों के कारण दूसरे जिलों से आए राजस्व निरीक्षकों को कार्यभार भी नहीं सौंपा गया है, जिससे वे दफ्तर तो पहुंच रहे हैं, लेकिन कार्यभार नहीं मिलने के कारण कोई काम नहीं कर पा रहे हैं। इधर जो राजस्व निरीक्षक रिलीव नहीं हुए हैं, वे भी अब नया काम नहीं ले रहे हैं, जिसके कारण आम लोगों के काम अटक रहे हैं।

### 30 जून को हुआ था आदेश जारी, तबादला लिस्ट में जिले से 20 आरआई के नाम शामिल

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 30 जून को राजस्व निरीक्षकों का थोक में तबादला आदेश जारी किया था। इस आदेश में रायपुर जिले से 21 राजस्व निरीक्षकों के नाम शामिल हैं। इसमें से एक को नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण तथा शेष 20 को दूसरे जिलों में तबादला किया है, वहीं दूसरे जिलों से रायपुर जिले में 5 राजस्व निरीक्षकों को भेजा गया है।

### तत्काल भार मुक्त करने जारी किए गए थे आदेश

विभाग ने अपने आदेश में सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया था कि स्थानांतरित राजस्व निरीक्षकों को पदस्थापना स्थान के लिए तत्काल भार मुक्त करें तथा भारमुक्ति आदेश की प्रति विभाग को भेजे। इस आदेश को आज दो महीने से अधिक दिन हो चुके हैं, लेकिन अभी तक रायपुर जिले से पदस्थापना किए गए राजस्व निरीक्षकों में किसी को भी भारमुक्त नहीं किया है।



### दूसरे जिले से आए पांच आरआई ने की जॉइनिंग

इधर दूसरे जिलों से तबादला होकर आए 5 राजस्व निरीक्षकों ने रायपुर में जॉइनिंग कर ली है। सूत्रों के अनुसार इन राजस्व निरीक्षकों ने जॉइनिंग तो की है, लेकिन इन सभी ने अभी तक कामकाज का दायित्व संभाला नहीं है, क्योंकि अभी तक यह निर्णय नहीं लिया गया है कि इन राजस्व निरीक्षकों को रायपुर से तबादला हुए निरीक्षकों में से किसके स्थान पर पदस्थ किया जाए।

### कामकाज प्रभावित लोगों के अटक रहे काम

राजस्व निरीक्षकों को भारमुक्त नहीं किए जाने और दूसरे जिलों से आए निरीक्षकों को कार्यभार नहीं दिए जाने के कारण पिछले दो माह से न केवल राजस्व संबंधित कामकाज प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि अब नए काम से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचने वाले लोगों के काम भी अटक रहे हैं।

### एक साथ रिलीव करने से कामकाज होगा प्रभावित

रायपुर जिले से जिले से 20 राजस्व निरीक्षकों को दूसरे जिलों में तबादला किया है। बल्क में रिलीव कर देंगे तो कामकाज प्रभावित होंगे, क्योंकि रिप्लेसमेंट में सिर्फ 5 राजस्व निरीक्षक ही रायपुर भेजे गए हैं। इसे लेकर प्रशासन स्तर पर चर्चा की जा रही है। दूसरे जिलों से आए निरीक्षकों को जॉइनिंग करा दी गई है।

**– नम्रता जैन**
अपर कलेक्टर, रायपुर

### शांताराम सराफ के देहावसान पर भाजपा में शोक की लहर



**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छत्तीसगढ़ प्रांत के पूर्व प्रचारक व संघ के विभिन्न दायित्वों पर रहे शांताराम सराफ के देहावसान का समाचार मिलने पर प्रदेश भाजपा-परिवार में गहन शोक की लहर है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक शांताराम सराफ के देहावसान पर गहन शोक व्यक्त किया है। श्री देव ने कहा कि स्व. सराफ का सम्पूर्ण जीवन त्याग, तपस्या, सिद्धांतों और भारतीय सांस्कृतिक जीवन मूल्यों के लिए समर्पित रहा। स्व. सराफ का जीवन समूचे संघ-परिवार के लिए अनुकरणीय है। उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए श्री देव ने कहा कि हमने अपना अभिभावक खो दिया है।
भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वैचारिक अधिष्ठान को आत्मसात कर आजीवन हिन्दुत्व की अलख जगाने में जुटे रहे स्व. सराफ ने समर्पण, मर्यादा और सादगी का जो आदर्श प्रस्तुत किया है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि स्व. सराफ ने सम्पूर्ण जीवन संघ की सेवा में समर्पित कर दिया था। भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, डॉ. नवीन मार्कण्डेय व अखिलेश सोनी सहित भाजपा व मोर्चा-प्रकोष्ठों के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भी संघ प्रचारक शांताराम सराफ के निधन पर गहन शोक व्यक्त कर उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## छग सिंधु महापंचायत ने नियुक्त किए प्रमुख सलाहकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ सिंधु महापंचायत ने प्रदेशभर से समाजजनों को प्रमुख सलाहकार नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष अमर गिदवानी ने बताया कि अमित जीवन, राजू भाई तारवानी, अशोक छेतिजा, तेजकुमार बजाज, जीतू बड़वानी, मनोज डेंगवानी, ईश्वर कोडवानी, मुखी एनडी गजवानी, मुखी हरनाम सिंह तलरेजा, नन्दलाल साहित्या, अजय सचदेव, मुखी श्याम रूपरेला, प्रेम बिरनानी, मोहन वल्यानी, मुखी गुरनामल रोहड़ा, दिनेश अठवानी, पवन प्रिथवानी, विवेक तनवानी, विजय माखीजा मुखी गिदुराम कुकरेजा, टीकम दास नागवानी, भीमानदास तारवानी सभी रायपुर, नरेंद्र रोहरा धमतरी, सुरेश धींगानी भिलाई, शंकर कुकरेजा दल्ली राजहरा, गुरमुखदास वाधवा राजनंदगांव, भीमनदास धनवानी राजनंदगांव, नानक रेलवानी बिल्हा, आसनदास मोहनानी दुर्ग, नारायण पंजवानी चारामा, आनंदराम मदनानी बसना, नंदलाल मोटवानी रायगढ़, किशोर सेतपाल तिल्दा, अशोक चावलानी कोरबा, राम पंजवानी तिल्दा, मुकेश थारानी भाटापारा, मनीष मूलचंदानी जगदलपुर, सुरेश शीतलानी छुरा, हरीश कृष्णानी महासमुंद, रामचंद माखीजा गरियाबंद, प्रताप राजेश मुंगेली, राकेश मंदनानी तखतपुर, बाबू साधवानी चांपा, जीवन मंगलानी मुंगेली, पवन सबलानी, सुरेश गोदवानी, रंजीत दवानी सभी भाटापारा को सलाहकार बनाया गया है।

## सत्ता का दुरुपयोग कर रही भाजयुमो

### यूथ कांग्रेस का आरोप-हमारे कार्यकर्ताओं



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

यूथ कांग्रेस ने भाजपा और युवा मोर्चा पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। शुक्रवार को राजीव भवन में आयोजित एक प्रेस वार्ता में यूथ कांग्रेस ने ये आरोप लगाए। प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया पर उनके ही चाचा ने गंभीर और चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं, जिसने पूरे प्रदेश में राजनीतिक हलचल मचा दी है। यह मामला केवल सोशल मीडिया तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि स्वयं उनके चाचा ने थाना और न्यायालय तक जाकर शिकायत दर्ज करवाई। इसके बावजूद राहुल टिकरिया और भाजयुमो ने कांग्रेस पार्टी पर ही आरोप लगाने की कोशिश की। जब कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर पहले से वायरल सामग्री को साझा किया, तो भाजयुमो ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए प्रदेशभर में हमारे कार्यकर्ताओं पर झूठी एफआईआर दर्ज कराना शुरू कर दिया।

### इन पर दर्ज हुई है एफआईआर

ग्राम दाढ़ी जिला बेमेतरा के मिथुन पुरैना, ग्राम गागरा के वातांजली गोस्वामी, धमतरी के हुमन सिन्हा और मुंगली के सागर सोनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यूथ कांग्रेस ने कहा, भाजपा आरोपी को बचाने और सच्चाई को दबाने की कोशिश कर रही है। यदि भाजपा लोकतंत्र और नैतिक राजनीति में विश्वास करती है, तो उसे तत्काल राहुल टिकरिया को पद से मुक्त करना चाहिए। पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की दिशा में कदम उठाना चाहिए। यह लोकतांत्रिक परंपराओं और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है।

# सीएम ने किया 66 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को रायगढ़ जिले के खरसिया में रेलवे ओवरब्रिज सहित 66.84 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने 20 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा भी की। इनमें खरसिया के कबीर चौक से डभरा रोड तक बाईपास सड़क निर्माण के लिए 10 करोड़, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और स्वीमिंग पूल सहित अन्य सुविधाओं की मरम्मत के लिए 2 करोड़ तथा खरसिया नगरपालिका क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों के लिए 8 करोड़ रुपए की घोषणा शामिल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने खरसिया में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया तथा अटल परिसर का लोकार्पण भी किया। साथ ही उन्होंने रेलवे अंडरब्रिज निर्माण के लिए तकनीकी सर्वे कराए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायगढ़ से उनका 20 वर्षों का पारिवारिक संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नगरीय निकायों में मिली जीत अटल विश्वास पत्र के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र के विकास के लिए सात से आठ हजार करोड़ रुपए के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। अटल विश्वास पत्र में की गई एक-एक घोषणा को पूरा किया जा रहा है। मोदीजी की अधिकांश गारंटियां पूरी हो चुकी हैं। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, नपा खरसिया के अध्यक्ष कमल गर्ग, उपाध्यक्ष अवधनारायण (बंटी) सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।




## शहर में विराजे गणपति


युवक गणेशोत्सव समिति, विद्यानगर बैरन बाजार


युवा गणेशोत्सव समिति, गंगा विहार


नवजागरण परिवार टिकरापारा


सरस रामा गणेश उत्सव समिति विकास विहार कॉलोनी रायपुरा


श्री रामबाड़ा गणेश उत्सव समिति, फाफाडीह


जय भोले युवा गणेशोत्सव समिति, राजेंद्र नगर


आदर्श बाल समाज गणेशोत्सव समिति बढ़ईपारा

## राजभवन में शिक्षक दिवस पर गुरुजनों को किया गया सम्मानित

# ऐसे शिक्षक... जिन्होंने बदल दी सरकारी विद्यालयों की दशा दिशा, समर्पण से सच कर दिखाई स्मार्ट स्कूल की परिकल्पना

प्रदेश में प्राथमिक, पूर्व माध्यामिक और उच्चतर माध्यामिक शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार से शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षकों को राज्य शिक्षक सम्मान से नवाजा गया। शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर राजभवन में चयनित शिक्षकों को राज्यपाल रमेन डेका द्वारा राज्य शिक्षक सम्मान 2024 प्रदान किया गया। राज्य शिक्षक सम्मान से अलंकृत इन शिक्षकों से हरिभूमि की टीम ने उनके द्वारा शिक्षा में नवाचार लाने किए गए प्रयास, आइडियाज, संघर्ष और समर्पण को बातचीत के माध्यम से जानने की कोशिश की। इस दौरान सम्मानित शिक्षकों ने अपनी जुबानी शिक्षा में नवाचार की कहानी को साझा किया। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में आयोजित गरिमामय समारोह में वर्ष 2024 के उत्कृष्ट शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया।

**रायपुर।** समारोह में चार उत्कृष्ट शिक्षकों सूरजपुर जिले के अजय कुमार चतुर्वेदी को डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्मृति पुरस्कार, कबीरधाम जिले के रमेश कुमार चंद्रवंशी को गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की सुनीता यादव को डॉ. मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरस्कार और रायगढ़ जिले के भोजराम पटेल को डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी तरह प्रधान पाठक, व्याख्याता, व्याख्याता एलबी, शिक्षक एलबी, सहायक शिक्षक, सहायक शिक्षक एलबी वर्ग के 64 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने स्वागत उद्बोधन दिया। आभार प्रदर्शन संचालक लोक शिक्षण ऋतुराज रघुवंशी ने किया। समारोह में राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी, विधायक पुरंदर मिश्रा, राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक संजीव झा सहित स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक उपस्थित रहे।



### स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चों को घर घर जाकर कराते हैं होमवर्क

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला कुडकेल में पदस्थ शिक्षक गंगाधर राणा शिक्षा के क्षेत्र में एक मिसाल बनकर उभरे हैं। करीब 30 वर्षों से शिक्षक पद



पर कार्यरत श्री राणा ने हरिभूमि से बातचीत के दौरान बताया कि स्कूल में पढ़ने वाले अधिकतर बच्चों के माता-पिता अशिक्षित हैं, जिससे वे बच्चों का होमवर्क कराने में असमर्थ होते हैं। इस चुनौती को देखते हुए बीते 4-5 वर्षों से स्कूल की छुट्टी होने के बाद शाम 7 बजे से बच्चों के घर-घर जाकर उन्हें होमवर्क कराने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली है। वहीं शुरुआती दिनों में सड़क मार्ग न होने के कारण रोजाना नदी-नाला पार कर बच्चों को पढ़ाने के लिए पहुंचते रहे। कांकेर जिले के निवासी गंगाधर राणा का बचपन भी संघर्षों से भरा रहा।

### कबाड़ से जुगाड़ की कला सिखाकर बच्चों को बनाया रचनात्मक

मुंगेली जिले की शिक्षिका दुर्गा तिवारी को उनके उत्कृष्ट कार्यों और नवाचारों के लिए राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार से



सम्मानित किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही हैं। हरिभूमि से चर्चा के दौरान कहा कि मेरे जीवन में दिव्यांगता सबसे बड़ी चुनौती रही है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के पढ़ाने का जुनून ही मुझे हर दिन नई ऊर्जा देता रहा। नवाचारों में 'कबाड़ से जुगाड़' जैसी गतिविधियां प्रमुख रही हैं, जिनकी मदद से बच्चों में रचनात्मकता और विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा मिला। इससे वे छोटी-छोटी वस्तुएं तैयार करना सीखे, जिन्होंने उसे अपनी व्यवसाय के साथ जोड़ा है।

### 49 वर्षों से शिक्षा को समर्पित जीवन हजारों ग्रामीण छात्रों को निशुल्क शिक्षा

ग्रामीण छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए जीवन समर्पित करने वाले शिक्षक मुन्हेलाल लिल्हारे, बीते 49 साल 2 महीने से शिक्षा



के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत हैं। वे वर्तमान में शासकीय पूर्व माध्यमिक बालक शाला, मुसरा ग्राम, जिला राजनांदगांव में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, जिन्हें शिक्षक दिवस पर राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हरिभूमि टीम से विशेष बातचीत में उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्ष 1995 से जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों को निशुल्क ट्यूशन देना शुरू किया, जो आज भी जारी है। उनके मार्गदर्शन में हजारों छात्र सफल होकर डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक और सरकारी अधिकारी जैसे पदों पर काम कर रहे हैं।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मैथ्स-साइंस पार्क बनाया



नारायणपुर जिले के ग्राम छिनारी के शिक्षक उमेश कुमार सलाम बताते हैं कि उन्हें राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, क्योंकि उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्कूल में सीमित संसाधनों के बावजूद वर्किंग मॉडल आधारित मैथ्स पार्क और साइंस पार्क का निर्माण किया है। पार्क के माध्यम से बच्चे गणित और विज्ञान के कठिन सिद्धांतों को खेल-खेल में आसानी से समझ रहे हैं।

### प्लास्टिक बॉटल में पौधे रोपकर बनाया बॉटनिकल गार्डन



सरगुजा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यामिक विद्यालय असोला की जीव विज्ञान की शिक्षिका अनिता मंदिलकर ने बताया कि उन्होंने प्लास्टिक की बॉटल में बॉटनिकल महत्व के पौधे व पादपों की रोपाई कर गार्डन विकसित किया है, जहां विद्यार्थियों को जीव विज्ञान विषय की लाइव पढ़ाई कराई जाती है। साथ ही प्लास्टिक व वेस्ट टू बेस्ट से साइंस के प्रोजेक्ट निर्माण कराए जाते हैं। उच्चतर शिक्षा में इस तरह के नवाचार के लिए जीव विज्ञान की शिक्षिका अनिता मंदिलकर को राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है।

### 10 वर्षों के अथक प्रयास से स्कूल को बनाया स्मार्ट शाला



बंदना महथा ने बताया कि वे 2009 से शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी हैं। पिछले 10 वर्षों से निरंतर स्कूल को स्मार्ट बनाने प्रयासरत रहीं। तब जाकर आज पूर्व माध्यामिक शाला केशवपुर स्मार्ट स्कूल बन पाया। स्कूल में विगत 10 वर्षों में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति का गेम एवं प्राइज, खेल-खेल में शिक्षा, शाला सौंदर्यीकरण के लिए अनेकों पहल की। स्वयं के व्यय से स्कूल में भौतिक संसाधनों की उपलब्धता कराई, जैसे साउंड सिस्टम, माइक, ड्रम, व्हाइट बोर्ड एवं खेल सामग्री, बच्चों के स्मार्ट दिखने के लिए टाई, बेल्ट, आई कार्ड स्वयं के व्यय से प्रदान किए।

### शाला त्यागी बालिकाओं को ढूंढकर करा रहीं स्कूल प्रवेश



कबीरधाम जिले की कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय दुल्लापुर बाजार की शिक्षिका कामिनी जोशी शाला त्यागी बालिकाओं को पुनः स्कूल लाने का सार्थक व प्रेराणत्मक कार्य कर रही हैं। शिक्षिका ने बताया कि वे अंचल में ऐसी बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय दुल्लापुर बाजार में प्रवेश करा रही हैं, जो किसी कारणवस प्राथमिक स्कूल की पढ़ाई छोड़ चुकी हैं। हर साल 4 से 5 शाला त्यागी बालिकाओं को स्कूल से जोड़ने का अहम शैक्षणिक कार्य कर रही हैं।



### मैक कॉलेज में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

मैक कॉलेज में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें गीत, डांस, शिक्षकों के यादों से जुड़े वीडियो प्रमुख रहे। वीडियो के माध्यम से शिक्षा के महत्व को बहुत ही भावनात्मक रूप से दर्शाया गया। चेयरमैन रमेश अग्रवाल ने कहा, एक शिक्षक केवल किताबें ही नहीं पढ़ाता, बल्कि वह एक पीढ़ी का निर्माण करता है। शिक्षक हमारे समाज की रीढ़ हैं, जो न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि मूल्यों, अनुशासन और संस्कारों की नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाते आए हैं। सचिव सरिता अग्रवाल ने शिक्षक दिवस की महत्ता बताते हुए कहा कि ज्ञान का प्रमुख आधार शिक्षक हैं। ट्रस्टी के रूप मे उपस्थित राजेंद्र अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी शिक्षकों को बधाई दी। कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मैक कॉलेज के सभी शिक्षकों को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

## छत्तीसगढ़ शिक्षा जागृति संघ ने 150 शिक्षकों का किया सम्मान

निजी शाला संगठन छत्तीसगढ़ शिक्षा जागृति संघ द्वारा शिक्षक दिवस पर 150 शिक्षकों का सम्मान किया गया। यह समारोह शुक्रवार को दोपहर 3 बजे विमतारा मधु पिल्लै चौक शांतिनगर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल, सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे। समारोह की अध्यक्षता राजेश मूणत विधायक रायपुर पश्चिम ने की एवं विशिष्ट अतिथि पुरंदर मिश्रा, विधायक रायपुर उत्तर एवं सुनील सोनी, विधायक रायपुर दक्षिण रहे। मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा विभिन्न स्कूलों के 150 प्राचार्य, उत्कृष्ट शिक्षकों एवं बोर्ड परीक्षा में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले 100 मेधावी



विद्यार्थियों का मोमेंटो, मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण गोपाल चक्रधारी, प्रदेश सचिव सुशील साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष अक्षर जैन, प्रदेश कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, संरक्षक राजेश सक्सेना, दिनेश शर्मा, केके शर्मा, राजेश राजपूत, राजेश शिवहरे, गिरीश सिंह, रियाज कुरैशी, एमएस दिवाकर, विनोद जैन, नरेंद्र प्रजापति, नागेश साहू एवं समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। रामकृष्ण चक्रधारी एवं रंजना दास द्वारा मंच संचालन किया गया।

### संत ज्ञानेश्वर स्कूल के शिक्षक हुए सम्मानित



शिक्षक दिवस पर महाराष्ट्र मंडल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संत ज्ञानेश्वर विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. अरविंद नेरल का शिक्षक-शिक्षिकाओं से परिचय कराया। उन्होंने बताया कि 150 से अधिक बार रक्तदान कर चुके डॉ. नेरल आकांक्षा जैसी संस्था के माध्यम से मानसिक विकार या मानसिक बीमारी से जूझ रहे बच्चों की निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर और आभार प्रदर्शन स्कूल के सहप्रभारी नवीन देशमुख ने किया। इस मौके पर शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया।

### युवा अग्रवाल मंच महिला मंडल ने शिक्षक दिवस मनाया



छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच महिला मंडल ने उत्साह से शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रथम गुरु मां स्पर्धा का आयोजन किया गया। मंच के संरक्षक हरिवल्लभ अग्रवाल, अध्यक्ष नितेश अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष संध्या अग्रवाल, जिला अध्यक्ष वंदना अग्रवाल, सचिव सुनीता पोद्दार समेत अन्य उपस्थित रहे।



### अर्पण दिव्यांग स्कूल के 13 शिक्षकों का सम्मान

अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन अर्पण कल्याण समिति द्वारा बजाज कॉलोनी न्यू राजेंद्र नगर में किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष धनंजय त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, मृत्युंजय शुक्ला शामिल हुए। आभार प्रदर्शन प्राचार्य कमलेश शुक्ला तथा संचालन समन्वयक सीमा छाबड़ा ने किया। अर्पण कल्याण समिति ने कमलेश कुमार शुक्ला, अमन चौबे, मोनिका साहू, गरिमा हरिहारनो, करिश्मा शांगोड़े, पूजा लाखे, शीला पिल्ले, प्रतिष्ठा शुक्ला, कामिनी खरे, रूमा राय, पूनम ठाकुर, तामेश्वरी साहू तथा राकेश ठाकुर सहित राजधानी के विभिन्न दिव्यांग स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया।

### सुधा ओपन स्कूल में मना शिक्षक दिवस



सुधा ओपन स्कूल अमासिवनी में शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों के लिए विविध रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल की सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी रचनात्मकता, नेतृत्व कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में जीके भटनागर चेयरमैन, सुधा सोसाइटी फाउंडेशन एवं शिक्षकों में प्रो. आरके पांडे, भारती मरावी और खुशी यादव उपस्थित रहे। वहीं छात्राओं संध्या साहू, ईशा यादव और पूजा धीवर ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसकी सफलता सुनिश्चित की। इस कार्यक्रम ने स्कूल की प्रतिभा को बढ़ावा देने और शिक्षकों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। छात्रों को शिक्षक की भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाकर, सुधा ओपन स्कूल उन्हें मूल्यवान कौशल विकसित करने, आत्मविश्वास बनाने और शिक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

### पूर्व व्यावसायिक शैक्षणिक शिक्षा से जोड़ रहे

जिला जशपुर के डुमरटोली पूर्व माध्यामिक शाला के शिक्षक प्रवीण पाठक स्कूल के छात्र-छात्राओं को विषय शिक्षा के अलावा पूर्व



व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने का नवाचार कर रहे हैं। प्रवीण पाठक बताते हैं कि विद्यार्थियों को हस्तशिल्प, मिट्टी कला जैसी पूर्व व्यावसायिक शिक्षा के तहत मिट्टी की उपयोगी सामग्री निर्माण के उपकरण व सामग्री स्कूल में ही उपलब्ध कराई है। इससे बच्चे सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ पूर्व व्यावसायिक शिक्षा से रोजगारोन्मुखी बन रहे हैं। इसके लिए शिक्षक प्रवीण पाठक को राज्य शिक्षक सम्मान से नवाजा गया।

### जेल में बंद महिलाओं में 18 वर्षों से जगा रहीं शिक्षा की अलख

जिला जेल बैकुंठपुर की शिक्षिका विवेक सिद्धिकी जेल की निरक्षर से लेकर साक्षर बंदिनी महिलाओं को पिछले 18



वर्षों से पढ़ा रही हैं। शिक्षिका विवेक सिद्धिकी बताती हैं कि वे 12वीं कक्षा तक की शिक्षा जेल में बंदिनियों को दे रही हैं। अब तक शिक्षण कार्य के दौरान सैकड़ों बंदिनियों को रोजगारोन्मुखी बना चुकी हैं। शिक्षा से जेल बंदिनियों के जीवन में नया सवेरा लाने व शिक्षा के प्रसार में समर्पित भाव से कार्य करने की प्रतिबद्धता के लिए उन्हें राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है।

### स्कूल में स्वयं के खर्च से बनवाया मैथ लैब

सक्ती जिले के शासकीय पूर्व माध्यामिक शाला नंदौरकला के गणित शिक्षक संजीव कुमार सूर्यवंशी अपने स्कूल के 6वीं से



8वीं तक के विद्यार्थियों को गणित विषय मैथ लैब में पढ़ाते हैं। इसके लिए उन्होंने लैब में 300 से अधिक टीचिंग-लर्निंग मटेरियल अपने वेतन से खरीदे हैं। मैथ लैब में टीएमएम से गणित विषय पढ़ाने के नवाचार के लिए राज्य शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया है। इसके अलावा वे स्पोर्ट्स, प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिकाधिक छात्र-छात्राओं के सलेक्शन में योगदान दे रहे हैं।

### प्राथमिक शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता को दिया बढ़ावा

व्याख्याता शिक्षिका प्रीति शांडिल्य जिला धमतरी, नवीन प्राथमिक शाला कोलियारी की हैं, उन्हें शिक्षक दिवस पर राज्यपाल द्वारा राज्य शिक्षक



सम्मान से नवाजा गया है। शिक्षिका ने बताया कि स्कूल में स्वयं के प्रयास से प्राथमिक शिक्षा में आर्थिक सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने नवाचार किया है। वे स्वयं व समाज के लोगों को प्रेरित कर स्कूल में विद्यार्थियों के पठन-पाठन के लिए आधुनिक शिक्षा उपकरणों, स्टेशनरी सामान, उनके लिए गणवेश, लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स सामग्री आदि उपलब्ध करा रही हैं। साथ ही अन्य 20 दृष्टिबाधित स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए ब्रेललिपि की किताबें व स्टेशनरी उपलब्ध करा रही हैं।

## शहर में विराजे गणपति



श्री शिवालय गणेशोत्सव समिति, काली नगर, पंडरी



देवांगन परिवार ने अवधपुरी कॉलोनी में मनाया गणेश उत्सव



संत गोबिंद राम नगर गणेश उत्सव समिति



श्री अर्जुन गणेश उत्सव समिति अर्जुन चौक राजातालाब



श्री राज भवन गणेशोत्सव समिति भनपुरी



श्री अर्जुन नवयुवक मित्र मंडल समिति राजातालाब



श्री गणराज परिवार, संतोषी नगर



श्री बाल गणेशोत्सव समिति, रामसागर पारा

● राजधानी में गणेश चतुर्थी से शुरू हुए उत्सव स्थलों में बढ़ी रौनक, हवन के बाद कई आयोजक शुरू करेंगे प्रतिमा विसर्जन

# गजानन के भक्तों की पंडालों में उमड़ी भीड़, कई जगह शाम को हवन, आज भी उत्सव स्थलों में दिनभर गूंजेंगे मंत्रोच्चार

'गजानन के विविध स्वरूपों से सजे पंडालों में उनकी एक झलक पाने के लिए भक्तों की भीड़ शाम ढलते ही शुरू हुई। गुढ़ियारी, राठौर चौक सहित राजधानी के सभी गणेशोत्सव स्थलों में देर रात तक उत्सव का माहौल देखने को मिला। अनंत चतुर्दशी से पहले ही भगवान का दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं की वजह से भक्तिमय माहौल बना। वहीं दूसरी तरफ गली-मोहल्ले और आफिसों में विराजे भगवान गणेश का शाम को हवन किया गया। शनिवार को अनंत चतुर्दरशी तिथि में सुबह से शाम तक हवन के लिए दिनभर मुहूर्त है।'

**रायपुर।** राजधानी में पखवाड़ेभर की गई तैयारी के बाद गणेश चतुर्थी से शुरू हुआ गणेशोत्सव की श्रृंखला में शनिवार को अनंत चतुर्दशी तिथि पर शनिवार को दिनभर हवन के लिए मुहूर्त मिलेगा। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि सुर्योदय से सूर्यास्त तक गणेश स्थापना करने वाले श्रद्धालु समय और सुविधा के अनुसार हवन कर सकते हैं। वहीं दूसरी तरफ गली-मोहल्लों में स्थापित किए गए कई गणेश पंडालों में आयोजकों ने शाम को गोबर से पूजा स्थल को लिपने के बाद हवन कुंड सजाने के साथ पुरोहितों के मार्गदर्शन में हवन-पूजन और आरती किया। इसके साथ ही भगवान की प्रतिमा को स्थापना से खिसकाया गया। इस तरह की प्रक्रिया सुविधा के तहत विसर्जन करने के लिहाज से लोगों ने किया। कई भक्तों ने अपनी श्रद्धा-भक्ति के अनुसार कुछ दिनों के लिए स्थापना किया था। ऐसे लोगों को रायपुरा महादेव घाट में विसर्जन की सुविधा निगम द्वारा दी जा रही है। कुछ एक लोग गणेश विसर्जन के लिए भी शाम को विसर्जन कुंड पहुंचे।







### रंगीन लाइट से स्थल सज्जा भी खास





इस बार भी समितियों ने उत्सव के लिए सीमित जगह मिलने के बाद भी आकर्षक स्थल सज्जा से उत्सव को खास बनाने का प्रयास किया है। दर्शक के लिए पहुंचने वाले लोग विघ्नहर्ता के साथ तस्वीरे भी मोबाइल में कैद करने से नहीं चूक रहे हैं। आते-जाते लोग ठहने के बाद आराध्य देव के मनमोहक श्रृंगार को भी कैमरे में कैद कर रहे हैं। विसर्जन झांकी से पहले तक सभी उत्सव स्थलों पर दर्शनार्थियों की भीड़ होती है। इसे देखते हुए आयोजकों ने सभी प्रमुख पंडाल क्षेत्र में पुख्ता इंतजाम किया है। मठपारा में भगवान विष्णु के अवतारों की झांकी लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र है।

### भजनों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं का मेला

शाम ढलते ही गुढ़ियारी, राठौर चौक, गंजपारा, समता कॉलोनी, पुरानीबस्ती, टिकरापारा में लोग परिवार के साथ शुक्रवार की देर रात तक पहुंचे। श्रद्धालु जिस पंडाल में भी पहुंचे, उन्हें भक्तिमय भजनों के बीच आकर्षक स्थल सज्जा के बीच विघ्नहर्ता का मोहक रूप देखने को मिला। इसके लिए सबसे ज्यादा राठौर चौक से तेलघानी नाका के बीच लोगों को भीड़ रही। वाहनों से आवाजाही के चलते लोगों को दिक्कतों का भी सामना करना पड़ा। वहीं गुढियारी में उत्सव स्थल से दूर ही वाहनों की पार्किंग का इंतजाम है। श्रद्धालुओं को पंडाल परिसर में ही खान-पान के लिए मेले का स्वरूप दिया है। इनका लोगों ने भरपूर लुत्फ उठाते हुए इस लम्हे को कैमरे में सहेजा।

### 51 किलो लड्डू का लगाया महाभोग

बूढ़ापारा स्थित गणेश मंदिर में भाजपा नेता डॉ. राकेश राज तराटे द्वारा प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना से भगवान गणेश को 51 किलोग्राम लड्डू का महाभोग शुक्रवार की शाम 6 बजे लगाया गया। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। डॉ. तराटे सभी भक्तों के साथ आरती में शामिल हुए। इसके चलते मंदिर में शाम को की गई आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस मंदिर में दैनिक पूजा के साथ ही सुबह-शाम होने वाली आरती में भी श्रद्धालु शामिल होते हैं।

# घर-आंगन में फूलों की रंगोली से किया राजा बलि का स्वागत, धूमधाम से मनाया ओणम

**रायपुर।** शहर के अलग-अलग क्षेत्र में निवास करने वाले केरलवासियों के बीच शुक्रवार को ओणम का उत्साह रहा। राजा बलि साल में सिर्फ एक दिन अपनी प्रजा से मिलने के लिए ओणम पर आते हैं। इस परंपरा को निभाने के लिए केरला समाज से जुड़े परिवारों में पर्व पर एक-दूसरे के पास खुशी का इजहार करने के लिए भी समाज के लोग फैमिली मेम्बर्स और फ्रैंड सर्कल को उत्सव का हिस्सा बनने आमंत्रित किया। इससे परिवारों में खुशनुमा माहौल बना। लोगों ने राजा बलि के स्वागत में सुगंधित फूलों की रंगोली सजाई। व्यंजनों से आने वाले अतिथियों का स्वागत किया। श्री अयप्पा मंदिर टाटीबंध से जुड़े केआर नायर ने बताया कि विभिन्न सामाजिक संगठन, केरला समाजम, नायर



समाजम, एसएनडीपी, क्रिश्चियन समाजम सहित सभी वर्ग संप्रदाय के लोग आस्था से जुड़े पारंपरिक पर्व का हिस्सा बनते हैं।

### एक-दूसरे के परिवारों से मिले और मनाया पर्व

ओणम केरलवासियों का पारंपरिक पर्व है, जिसे सभी वर्गों के लोग श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाने के लिए शुक्रवार को भी एक-दूसरे के घर पहुंचे। यही वह अवसर होता है कि घर से दूर काम करने वाले केरलवासी भी ओणम अपने पैतृक स्थान पर मनाना चाहते हैं। जो उसकी हार्दिक इच्छा होती है कि फूलों, वृक्षों से सुसज्जित झीलों, समुद्र तटों की सोंधी महक, आसमान को छूते नारियल वृक्षों की कतारों वाली भगवान परशुराम की भूमि और शंकराचार्य की जन्मस्थली पर कम से कम परिवार के साथ वर्ष में एक बार ओणम के अवसर पर जरूर पहुंचें। इस लिहाज से जो लोग रायपुर में बसे हैं, उन्होंने परिवार और मित्रों का स्वागत ओणम पर किया।

### ओणम पर्व से जुड़ा है यह धार्मिक प्रसंग

ओणम की उत्पति के पीछे अनुश्रुति यह है कि जब असुर सम्राट महाबलि का शासन था। उनकी दानशीलता और त्याग से देवता भी ईर्ष्या करते थे। उनको लगने लगा कि यह महानता में सभी को पीछे छोड़ देगा। देवताओं के आग्रह पर भगवान विष्णु एक बौने ब्राह्मण के वेश में राजा बलि के पास पहुंचे और मात्र तीन पग भूमि दान में देने का आग्रह किया। पुरोहित शुक्राचार्य द्वारा सावधान करने के बाद भी राजा बलि ने इस बात पर अविश्वास करते हुए कि बौने ब्राह्मण को तीन पैर के बराबर भूमि नापने के लिए कहा। राजा बलि द्वारा दान की घोषणा करते ही बौना बालक तुरंत विराट स्वरूप में प्रकट हुआ। अपने प्रथम पैर में आकाश द्वितीय में पाताल और तृतीय पग राजा बलि सहित पृथ्वीलोक दान में ले लिया। साथ ही राजा बलि को वर्ष में एक बार प्रजा से मिलने और राज्य में भ्रमण करने की अनुमति दी।

# बॉलीवुड में युवा बना रहे पहचान, सृष्टि को सर्वश्रेष्ठ मेकअप आर्टिस्ट का सम्मान

**रायपुर।** बॉलीवुड में शहर के कई युवा अपनी पहचान तेजी के साथ बना रहे हैं। इस कड़ी में शहर की सृष्टि पांडे को सर्वश्रेष्ठ मेकअप आर्टिस्ट का सम्मान मिला है। उनको यह सम्मान मेकअप के क्षेत्र में किए गए नए प्रयोगों और रचनात्मकता के लिए दिया गया। बीते दिनों मुंबई में एक भव्य अवार्ड शो किया गया था। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और जरीन खान ने उन्हें यह अवार्ड दिया। फिल्म जगत की कई हस्तियों ने अवार्ड शो में परफॉर्मेंस भी दिया। सृष्टि ने बताया कि मेकअप के क्षेत्र में भी नवाचार किया जा सकता है। इसमें शहर के युवा आर्टिस्ट अपने हुनर को तराश रहे हैं।



### सबसे बड़े गरबा का होगा आयोजन

छत्तीसगढ़ में नवरात्रि पर्व इस बार और भी खास होने वाला है। गुंजन'स आयोजन प्रस्तुत कर रहा है ढोलिडा द बिगेस्ट गरबा ऑफ छत्तीसगढ़, जो प्रदेश के सांस्कृतिक कैलेंडर में एक ऐतिहासिक आयोजन बनने जा रहा है। मीडिया पार्टनर हरिभूमि और आईएनएच के सहयोग से यह आयोजन न केवल भक्तिमय वातावरण का अनुभव कराएगा बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का भी संकल्प लेकर आया है। यह गरबा उत्सव आगामी 28, 29 और 30 सितंबर को ललित महल में आयोजित किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य है प्रदेश के युवाओं और परिवारों को एक साथ भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामूहिकता का संदेश देना। नवरात्रि की गरिमामयी महत्ता और मां आदिशक्ति की उपासना को गरबा और डांडिया के माध्यम से पेश करने की तैयारी है।

होरी पर्व का जीवंत चित्रण, श्रीकृष्ण की नटखट लीलाओं की प्रस्तुति

# आवत होही तीजा ले बर, संगी जहुंरिया के सुरता आवत हे...छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति एवं संगीत से सजी शाम

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बासी चटनी के खवईया, छत्तीसगढ़िया हो गा..नदिया नरवा जंगल झाड़ी मोरे तीरथ धाम हे...छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति एवं परंपराओं से सजे लोकगीत के बोलों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की मिट्टी, नदियों, जंगलों और सांस्कृतिक विरासत की महत्ता को सुंदरता से प्रस्तुत किया गया। इस भावपूर्ण प्रस्तुति में संगीतकार कृष्णकुमार पाटिल के निर्देशन में बांसुरी, तबला और हारमोनियम की मधुर ध्वनि की लहरों ने समां बांधा। उनके मधुर राग और छत्तीसगढ़ी ठाठ कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। शुक्रवार की शाम संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 'पावस प्रसंग' कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति, पारंपरिक संगीत और शास्त्रीय नृत्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मंच पर कथक, भरतनाट्यम और उप शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देखने को मिली।




### बेटी के मायके लौटने की खुशी को गीत के माध्यम से पिरोया

सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगायक कृष्णकुमार पाटिल ने तीजा-पोरा तिहार की सांस्कृतिक छवि को लोक संगीत के माध्यम से अभिव्यक्त कर दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया। लोकगीत 'आवत होही तीजा ले बर, संगी जहुंरिया के सुरता आवत हे...', *यह पंक्ति बेटी के मायके लौटने की खुशी, गांव की यादें, मिट्टी की महक और तीजा की रौनक को बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत करती है। गीत ने दर्शकों को बेटी की भावनाओं, उसकी सहेलियों के संग बिताए पलों और माता-पिता के प्रेम की झलक दिखाई। लगभग 25 मिनट की प्रस्तुति में प्रदेश की महत्ता का बखान किया गया।*



### भरतनाट्यम की मोहक प्रस्तुति गुरु-शिष्यों की जुगलबंदी ने बांधा समां

भरतनाट्यम नृत्यांगना अजीत कुमारी कुजूर एवं उनके शिष्यों ने उत्साहपूर्ण अंदाज में शास्त्रीय नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। नृत्य की शुरुआत मार्गम एवं अल्ला रे रूपु से हुई, जिसमें गुरु और शिष्य की सामूहिक प्रस्तुति ने मंत्रमुग्ध कर दिया। नरेश्वर गोत्वम, आदिवाल और दिल्लाना जैसे शास्त्रीय रागों पर आधारित इस नृत्य प्रदर्शन में गुरु-शिष्य की लयबद्ध तालमेल की छाप स्पष्ट देखने को मिली। जहां नृत्य-नाटिका के रूप में श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाने की घटना को नाटकीय रूप से प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी को भावविभोर कर दिया। प्रस्तुति में नियारा कुजूर, दिक्षा साहू, दिव्यांशी साहू, जयना माहेश्वरी और अनुष्का बघेल ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया।

### भगवान विष्णु के मनमोहक स्वरूप का मंचन

कथक नर्तकी प्रति गोस्वामी ने शास्त्रीय नृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। मंच पर 12 कलाकारों द्वारा सामूहिक नृत्य में कदमों की थाप और घुंघरुओं की लयबद्ध आवाज ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति में बसंत ऋतु पर आधारित ठुमरी का लयबद्ध वर्णन किया गया, जिसमें बारिश के मौसम की प्राकृतिक छटा का मनोहारी चित्रण किया गया। इसके साथ ही ठुमरी के माध्यम से होरी पर्व का जीवंत चित्रण हुआ, जहां श्रीकृष्ण की नटखट लीलाओं को बखूबी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के अंत में भगवान विष्णु के मनमोहक स्वरूप का प्रभावशाली चित्रण किया गया, जिसमें उनके कोमल कमल जैसे नेत्र, चक्र और वाहन का सजीव प्रदर्शन भावाभिनय के माध्यम से दर्शकों के सामने प्रस्तुत हुआ।

## खबर संक्षेप

### साहू समाज ने मेधावी छात्रों का किया सम्मान



**आरंग।** साहू समाज रीवा परिक्षेत्र के द्वारा ग्राम कोटनी में समाजिक प्रकरणों के निराकरण एवम आगामी संगठन चुनाव के विषय में एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे समाज के होनहार विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही समाज में मीडिया के माध्यम से अपना सफल कार्य करने मीडिया प्रभारी मयंक साहू को भी समाज के अध्यक्ष एवम पदाधिकारियों के द्वारा सम्मान किया गया।

### शिक्षक ने बच्चों को बांटी स्लेट, पेंसिल एवं टाफी



**आरंग।** माणिक लाल मिश्रा व्याख्याता शास.उ.मा. विद्यालय गुल्लू ने अपना जन्मदिन व शिक्षक दिवस बच्चो के साथ मनाया। वे अपने परिवार के साथ वार्ड क्र. 2 व 3 के आँगनबाड़ी केंद्र जाकर सभी बच्चो को लेखन सामग्री के रूप स्लेट पट्टी, पेंसिल व टाफी भेंट की। इस अवसर पर वार्ड क्र. 2 के पार्षद उमाकांत यादव, मीना मिश्रा, अर्पित मिश्रा, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वय सरस्वती साहू, ममता गारूडिक, सहायिका पदमनी लोधी, अन्नपूर्णा लोधी, माताएं राधिका साहू, माधुरी लोधी, टीना लोधी, कनिका साहू एवं बच्चे उपस्थित थे।

### व्यापारी संघ की बैठक में कई प्रस्ताव पारित



**आरंग।** स्थानीय विश्राम गृह मे व्यापारी संघ की बैठक संपन्न हुई। जिसमे महत्वपूर्ण कई निर्णय पारित किया गया। बैठक मे नगर के प्रमुख व्यवसायी किराना, कपड़ा, हार्डवेयर, ज्वेलरी व अन्य विशेष रूप से आमंत्रित किये थे। व्यापारियों ने जीएसटी मे सुधार किये जाने पर भारत सरकार को धन्यवाद दिया, इससे अर्थव्यवस्था बढ़ेगी। साथ ही नवरात्र व दिवाली के समीप होने के कारण नगर मे ट्रैफिक सुधार हेतु पुलिस का सहयोग तथा दीपावली पश्चात आपसी सहयोग से नगर मे सप्ताहिक बाजार बंद हेतु प्रस्ताव लाए। जिसका सभी उपस्थित व्यापारियों ने समर्थन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सूरज शर्मा, सचिव दिलीप चन्द्राकर, वरिष्ठ सदस्यों मे रामधन चंद्राकर, दीपक सोनी, संतोष चंद्राकर, रमेश आहूजा, अमर आहूजा, शैलेन्द्र चन्द्राकर, पंकज चनदराकर व अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

### अस्मिता रग्बी लीग का आरंग के खिलाड़ियों ने किया नेतृत्व



**आरंग।** धमतरी में अयोजित खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी लीग में आरंग रग्बी फुटबॉल क्लब के 19 बालिका खिलाड़ियों जिसमे सब जूनियर वर्ग में जया केवट, ज्योति यादव, ढालेश्वरी पाल, धनेश्वरी साहू, स्निधा निषाद, स्वाति सोनवानी, अंकिता केंवट, अंजलि विश्वकर्मा, खिलेश्वरी साहू, जूनियर वर्ग में गुंजन वर्मा, शोभा लोधी, तुलसी सोनवानी, टीकेश्वरी साहू, सोनिया सतनामी, एतेश्वरी पाल, सीनियर वर्ग में शीतल अजगरा, दीपा अजगरा, गायत्री मिर्धा, बिंदु लोधी ने रायपुर जिले का नेतृत्व किया। तीनों वर्गों की टीमों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर आरंग युवा एवं खेल संगठन संरक्षक योगेन्द्र चन्द्राकर, अध्यक्ष अमन साहू, सचिव मनीष सोनकर, विजय साहू, आरंग रग्बी फुटबॉल क्लब से सोमनाथ लोधी, हिमांशु लोधी, वैभव निषाद ने बधाई दी।

### विकासखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

# शिक्षक दिवस पर मंत्री ने 600 शिक्षकों का शाल और श्रीफल से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर अंबेडकर मांगलिक भवन आरंग में विकासखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार अनुसूचित जाति मंत्री गुरु खुशवंत साहेब में गुरु की महिमा का मुक्त कंठ से बखान करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का कार्य शिक्षक ही करते हैं और उन्होंने शिक्षकों को शांति का प्रवर्तक, सपनों को साकार करने के लिए प्रेरक एवं समुदाय तथा राष्ट्र निर्माता बताया।

उन्होंने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रदेश सरकार विष्णु देव साय के सुशासन का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करते हुए विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए सभी को शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा अतिथियों की सहभागिता के साथ 50 सेवा निवृत शिक्षक एवं



600 से भी अधिक प्राथमिक मिडिल एवं हाई हायर सेकेंडरी विद्यालयों के शिक्षकों का शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र, मेडल के माध्यम से सम्मानित कर उत्साह बढ़ाया। अन्य अतिथियों में ध्रुव कुमार मिर्धा अध्यक्ष चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन, जिला पंचायत रायपुर अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष समोदा छोटेलाल सोनकर, जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू आदि की सहभागिता रही। एवं संकुल समन्वयगण हरीश दीवान प्रहलाद शर्मा, मनोज मुछावर, जितेंद्र शुक्ला, अभिषेक तिवारी, धनंजय साहू, सुदर्शन दास, विजय देवांगन, सुनील पटेल, पोखन साहू, गिरजा शंकर अग्रवाल, कुसुम लता कुर्रे, अनिल चतुर्वेदी, अमित अग्रवाल, शेख मोहम्मद, उगेश साहू, युवराम साहू, रोशन चंद्राकर, संतोष सोनी आदि 48 समन्वयकगण का विशेष सहयोग रहा। अन्य जनप्रतिनिधि गण जनपद पंचायत सभापति लुकेश साहू, संजय कुमार घृतलहरे, कृष्णा महेश साहू, अमर राजेंद्र मंडले, सरोजिनी दिवाकर जांगड़े, रेखा कृपाल यादव, मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहु, केके भारद्वाज, अशोक चंद्राकर, बेदराम खूंटे, पार्षद सभापतिगण हीरामन कोसले, नरेंद्र लोधी, खुशबू राकेश शर्मा, संतोष लोधी, शिक्षकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### बीईओ ने प्रतिवेदन का किया वाचन

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने प्रतिवेदन वाचन कर शिक्षकों को और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को महान शिक्षक एवं दार्शनिक बताया एवं प्रेरक गीत गाए एवं शिक्षकों के सम्मान में कविताओं का वाचन हुआ। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कवि जुगेश चंद्र दास, चंद्रहास सेन आदि की सहभागिता रही एवं कोसरंगी हायर सेकेंडरी स्कूल, सृजन सोनकर हायर सेकेंडरी स्कूल, सरस्वती ज्ञान दीप विद्यालय आदि के विद्यार्थियों ने आदिवासी नृत्य, पंथी नृत्य, जय गुरुदेव नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। वहीं रायपुर से आए थिंक आईएएस के संचालक मुरली मनोहर देवांगन ने भी शिक्षा के क्षेत्र में अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षकगण अरविंद वैष्णव एवं अभिलाषा शुक्ला ने किया।

# जीवन की विकट परिस्थिति में गुरुओं से ही मिलता है सच्चा और सहज मार्गदर्शन

**आरंग।** अग्रसेन योगासन शाखा एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर अग्रवाल पारा आरंग के संयुक्त प्रयास से महान दार्शनिक, शिक्षाविद, समाजसुधारक एवं राजनीतिज्ञ सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की 138 वीं जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई। योगासन शाखा अपने नित्य दिनचर्या आसन, प्राणायाम, ध्यान योग एवं ध्वज प्रणाम के बाद मुख्य अतिथि डॉ. युवराज मिश्रा (व्याख्याता संस्कृत) एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष मनोज शर्मा (व्याख्याता गणित) एवं अतिथियों द्वारा डॉ. राधाकृष्णन, डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार एवं गुरुजी सदाशिव गोलवलकर की छाया चित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. युवराज मिश्रा ने कहा कि वेद में शिक्षा के छः अंग बताये गए है जिसमें प्रथम शिक्षा को नासिका कहा गया है, शिक्षा हमें आध्यात्म की ओर ले जाता है, आध्यात्म के लिए योग आवश्यक है और योग से कार्य कुशलता में वृद्धि होती है। लेकिन आज शिक्षा का व्यवसायीकरण हो गया है।

- पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन की 138वी जयंती मनाई और किया यशोगान

**डॉ. राधाकृष्णन अपने जन्म दिवस को शिक्षकों को समर्पित किया-** कार्यक्रम के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि गुरु विकट परिस्थितियों को भी सरल बना देता है, अपने शिष्यों को काटों के बीच में भी मुस्कुराना सिखाता है। डॉ. राधाकृष्णन अपने जन्म दिवस को शिक्षकों को समर्पित किया। अपने जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने के लिए कहा। अनुपनाथ योगी, सरस्वती ज्ञान दीप विद्यालय के संचालक ने शिक्षक की महत्ता पर चर्चा करते हुए महान फ्रांसीसी क्रांतिकारी नेपोलियन ने शिक्षक के बारे में कहा कि यदि मैं शिक्षक होता तो फ्रांस को विश्व गुरु बना देता। उन्होंने शिक्षा की व्यवस्था को सुधारने में महत्वपूर्ण कार्य किया। विनय पटेल ने कहा कि जहां से ज्ञान मिले वह हमारे लिए गुरु होता है। शिक्षक अनेक हो सकते हैं लेकिन गुरु एक होता है जो हमारे आध्यात्मिक विकास करता है। ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि शिक्षा जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है इसके बिना जीवन बेकार है, शिक्षा जीवन के लिए, जीवन देश के लिए होना चाहिए तभी यह मानव जीवन सार्थक है। अमिताभ अग्रवाल ने कहा कि अच्छे शिक्षक के अभाव में अच्छी शिक्षा पद्धति भी असफल हो जाती है लेकिन अच्छे शिक्षकों द्वारा शिक्षा पद्धति के दोषों को भी दूर कर सकता है। इस अवसर रविंद्र अग्रवाल, अमिताभ अग्रवाल, ओम गुप्ता, होरी गुप्ता, दीपक साहेब गुरु गोश्वमि, शैलेष गुप्ता , शंकर पाल, गोपाल पाल, राकेश साहू, रामकुमार कंसारी आदि उपस्थित थे।

# दिव्यांग चिन्हांकन शिविर में 272 का हुआ पंजीयन

**तिल्दा नेवरा।** जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग रायपुर के तत्वावधान में भारत सरकार की एडीप योजना अंतर्गत वृद्धजनों एवं दिव्यागजनों को आवश्यक उपकरण प्रदाय हेतु 3 दिवसीय चिन्हांकन शिविर का आयोजन अम्बेडकर भवन सासाहोली तिल्दा में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया गया। शनिवार को भी यह शिविर यहां आयोजित रहेगी।

शिविर में कुल 272 लोगों का पंजीयन किया गया, साथ ही 23 लोगों को दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किया गया, 49 लोगो का यूडीआईडी कार्ड बनाया गया, वही उपकरण हेतु 153 लोगों को चिन्हांकित किया गया। उक्त महती शिविर में मंत्री टंक राम वर्मा , जिला पंचायत सभापति स्वाती वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, सिमगा जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ दौलत पाल, भाजपा नेता राम पंजवानी ,पार्षद रानी सौरभ जैन, विनोद नेताम, दीनू साहू एसडीएम आशुतोष देवांगन, तहसीलदार रामप्रसाद बघेल, सीएमओ अनीश कुमार ठाकुर, डॉ आशीष सिन्हा सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित हुए।



# 11 शिक्षिका व 11 प्रधानपाठकों का मंत्री गुरु खुशवंत ने किया सम्मान



**आरंग।** शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री गुरु खुशवन्त साहेब के करकमलों से मंदिरहसौद संकुल की 11 शिक्षिकाएं व 11 प्रधानपाठक व एक शिक्षक सम्मानित हुए। यह सम्मान कार्यक्रम आरंग के डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में पूरे उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह में सम्मानित शिक्षिकाओं ने अपनी सेवाओं को शिक्षा जगत को समर्पित करते हुए इसे जीवन का यादगार क्षण बताया। सम्मान पाकर कुरूद (बाराडेरा) की शिक्षिका कविता वर्मा की खुशी देखते ही बन रही थी।उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मान मिलना मेरे लिए गर्व की बात है। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि मेरे विद्यालय, विद्यार्थियों और पूरे संकुल की उपलब्धि है। यह मुझे आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। श्रीमती वर्मा ने आगे कहा कि गुरु का कार्य सिर्फ पढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य को संवारना है और यही सच्चे अर्थों में गुरु धर्म है।सम्मान पाने वाले शिक्षिकाओ में मधुलिका यदु, निधि झा, कविता वर्मा, शशि वासनिक, रमा वर्मा, जागृति चन्द्राकर, अर्पणा अली, अर्पणा परिहार, संगीता ठाकुर, पूजा साहू, अनिता सिंह व शिक्षक डॉ अश्वनी वैष्णव प्रमुख है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और अतिथियों ने सम्मानित शिक्षकों को शिक्षा जगत के प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# ताराशिव की खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों व माताओं ने भी दिखाई रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

अदाणी फाउंडेशन की उत्थान परियोजना के अंतर्गत तिल्दा के समीपस्थ ग्राम ताराशिव में खेल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ गाँव की माताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

खेल दिवस के दौरान कबड्डी, मटका दौड़, मटका फोड़, कुर्सी दौड़ जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य प्रतिभागियों के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक विकास और टीम भावना को प्रोत्साहित करना था।



कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित किया गया और उनके प्रयासों की सराहना की गई। विशेष बात यह रही कि माताओं ने भी सक्रिय भागीदारी कर बच्चों के साथ अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का परिचय दिया। इस अवसर पर 150 से अधिक लोग उपस्थित रहे, जिनमें 19 माताओं ने खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम की सरपंच श्रीमती पूर्णिमा वर्मा, पंचगण—श्रीमती विद्या वर्मा, श्रीमती मैना वर्मा, श्री हेमंत वर्मा, श्री भूलौ वर्मा, श्री मोनू यादव एवं श्रीमती कृपा वर्मा—तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकागण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने बच्चों और माताओं को खेल भावना की शपथ दिलाई और प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सरपंच श्रीमती पूर्णिमा वर्मा ने कहा कि आज माताओं ने बच्चों के साथ मिलकर खेलों में भाग लेकर यह साबित कर दिया कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। माताओं ने अदाणी फाउंडेशन उत्थान परियोजना का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर रूप से करने की इच्छा व्यक्त की। इस आयोजन ने ग्रामवासियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। अदाणी फाउंडेशन को विश्वास है कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों और माताओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होंगे।

### तरपोंगी की 45 छात्राओं को मिली सरस्वती साइकिल



**तरपोंगी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरपोंगी में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 45 छात्राओ को निःशुल्क सायकल का वितरण किया गया। साइकिल पाकर छात्राएं काफी प्रसन्न थी। साइकिल वितरण कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष मिलेंद्र भरत किंकर, सरपंच प्रतिनिधि सावन नायक, कामता वर्मा, प्रभारी प्राचार्य अनिरुद्ध पांडेय, व्याख्याता अरुण गहरवार,विनीता साहू, नीता मिश्रा, मीनल अवस्थी, शिखा यादव, भारती देवांगन, ललित बाई साय, राहुल सिंह परिहार, दिव्या ठाकुर, सविता सिंह ठाकुर, राजेंद्र वर्मा, अरुण वर्मा, छत्रपाल साहू आदि उपस्थित रहे।

# शराब दुकान सैल्समैन ने उगाही की शिकायत की

**तिल्दा नेवरा।** शासकीय देशी मदिरा दुकान तिल्दा में सेल्समैन के पद पर कार्यरत मोहित वर्मा ने लिखित शिकायत दर्ज कर बताया कि 2 सितंबर को शाम लगभग 7.30 बजे से 9 बजे के बीच संभागीय उड़नदस्ता के अधिकारी उत्तम भारद्धाज ने बिना टेस्ट पर्चेस कराए ओवर रेटिंग का आरोप लगाकर जबरन दबाव पूर्वक दुकान के सुपर वाइजर मधु राय को अश्लील गाली गलौच कर मारपीट किया और दबाव पूर्वक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करवा लिए,और उत्तम भारद्धाज द्वारा प्रार्थी से 60 हजार रुपए की मांग की गई, प्रार्थी के विनती करने पर 25 हजार रुपए लेकर गए। प्रार्थी मोहित वर्मा ने बताया कि वह विगत 4 वर्षों से तिल्दा देशी शराब दुकान में कार्यरत है इस दौरान कभी उन पर ओवर रेटिंग का आरोप नहीं लगा है, और न ही कभी इस तरह की कोई कार्रवाई हुई है। उन्होंने शिकायत में कहा कि पूरा घटनाक्रम शराब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत महाप्रबंधक सीएसएमसीएल सहित सचिव आबकारी सह आयुक्त, आबकारी उपायुक्त, उपयुक्त संभागीय उड़नदस्ता, प्रभारी अधिकारी वृत तिल्दा को भी दिया है और न्याय की मांग किया है।

### ऋषि वर्मा की कार्यशैली शिक्षा जगत की मिसाल

**धरसींवा।** शुक्रवार को यहां शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया गया और विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर ऋषि वर्मा ने शिक्षक दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक का जीवन शिक्षा, समर्पण और संघर्ष की मिसाल है। यह महज एक संयोग नहीं, बल्कि नियति का एक सुंदर इशारा है कि वे स्वयं एक शिक्षक हैं और उनका जन्म भी उसी दिन हुआ जब राष्ट्र गुरुओं का सम्मान करता है। ऋषि वर्मा के लिए शिक्षा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक विरासत है। उनके पिता भी एक सरकारी स्कूल में शिक्षक थे, और इस विरासत को उन्होंने न केवल संभाला, बल्कि अपनी मेहनत और लगन से उसे और भी गौरवशाली बनाया। उनका जीवन हमें बताता है कि सफलता की राह कभी भी आसान नहीं होती। शुरुआती दिनों में उन्होंने धरसींवा के एक महाविद्यालय में अतिथि शिक्षक के रूप में मामूली वेतन पर काम किया। उस दौर में उन्होंने आर्थिक तंगी और अनिश्चितता का सामना किया, लेकिन उनके अंदर का दृढ़ संकल्प और शिक्षा के प्रति उनका जुनून कभी कम नहीं हुआ। कई वर्षों के संघर्ष के बाद, समय का पहिया घूमा और अपनी उम्मीद खोने से पहले ही वे एक सरकारी शिक्षक बन गए।



# ईद मिलादुन्नबी पर मुस्लिम समाज ने निकाला जुलूस दिया एकता का संदेश




हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद मिलाद उन-नबी का त्योहार धरसींवा में बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें मुस्लिम युवाओं ने मानवता और भाईचारे का अनूठा परिचय देते हुए एक सराहनीय पहल की। ईद मिलाद उन-नबी के मौके पर युवा मुस्लिम संगठन के सदस्यों और समाज के लोगों ने एक भव्य रैली का आयोजन किया। यह रैली स्थानीय नूरानी चौक से शुरू होकर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए वापस नूरानी चौक पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल हुए और पैगंबर मोहम्मद साहब की शान में नारे लगाए गए। रैली का मुख्य उद्देश्य पैगंबर मोहम्मद साहब के शांति, प्रेम और भाईचारे के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना था। इस पावन अवसर पर धरसींवा में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया, जहाँ प्रसाद वितरण किया गया। लोगों ने उत्साहपूर्वक भंडारों में शामिल होकर भोजन ग्रहण किया। मानवता और सेवा का संदेश देते हुए मुस्लिम युवा संगठन के सरक्षक मोहम्मद याकूब के नेतृत्व मे युवाओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसींवा पहुंचकर मरीजों के बीच फल और बिस्किट भी बांटे।



### पैगंबर ने शांति और भाईचारे का दिया संदेश

ईदगाह में आयोजित कार्यक्रम में युवा मुस्लिम संगठन के संरक्षक मोहम्मद याकूब ने पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद ने हमेशा मानवता, भाईचारा और शांति का संदेश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस्लाम में किसी भी तरह की हिंसा की कोई जगह नहीं है और यह धर्म केवल शांति, प्रेम और एकता सिखाता है। उनके संदेशों को अपनाकर ही एक बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है।

### प्रशिक्षण गांधीजी के सपनों का गाँव बनाने की ओर एक कदम

# युक्तधारा प्रशिक्षण में गांधी के सपनों के गांवों को साकार करने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जनपद पंचायत धरसींवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मलौद में 'युक्तधारा प्रशिक्षण' का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की योजना को वैज्ञानिक और सुव्यवस्थित दृष्टिकोण के साथ तैयार करना था। यह आयोजन न केवल ग्रामीणों को सशक्त बनाने बल्कि उनकी भागीदारी से एक समृद्ध और विकसित गाँव का निर्माण करने के लिए एक प्रेरणा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से ग्राम पंचायत मलौद को



वर्ष 2026-27 की मनरेगा योजना के लिए कार्य योजना तैयार करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और उपकरण दिए गए। यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में होने वाले विकास कार्य न केवल प्रभावी हों, बल्कि ग्रामवासियों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप भी हों।

**इनकी रही उपस्थिति-** इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में राज्य कार्यालय से श्री रामधन श्रीवास्तव (संयुक्त आयुक्त), प्रदान संस्था से मधुसूदन तिवारी, सोमकांत साहू, विशाखा साहू, रश्मि रानी, और जनपद पंचायत धरसींवा से सीईओ आशीष केसरवानी, पीओ जया मिश्रा, समस्त तकनीकी सहायक, प्रोग्रामर, सरपंच श्रीमती शारदा महेंद्र देवांगन, सचिव परमानंद वर्मा और समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

### तकनीक का समावेश: विकास कार्यों की पारदर्शिता

कार्यक्रम का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा पारदर्शिता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर, मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी के लिए एक क्यूआर (QR) कोड का विमोचन किया गया। इस क्यूआर कोड को स्कैन करके, कोई भी व्यक्ति पिछले तीन वर्षों के सभी कार्यों की विस्तृत जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकता है। यह तकनीक गाँव के विकास कार्यों को और अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाएगी, जिससे ग्रामीणों का विश्वास और बढ़ेगा।

### प्रशिक्षण से विकास को मिलेगी नई दिशा : केसरवानी

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष केसरवानी ने बताया, /"यह प्रशिक्षण हमें विकास की योजनाओं को एक नई दिशा में सोचने के लिए प्रेरित करता है। हम केवल काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम एक ऐसे गाँव का निर्माण कर रहे हैं जो आत्मनिर्भर और सशक्त हो, ठीक उसी तरह जैसे गाँधी जी ने कल्पना की थी। मलौद ग्राम पंचायत में हुआ यह आयोजन दिखाता है कि जब सरकारी पहल और जनभागीदारी एक साथ आते हैं, तो किसी भी गाँव का भविष्य उज्जवल बनाया जा सकता है। यह एक प्रेरणा है कि कैसे छोटे-छोटे कदम मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### पेट्रोल लेने हेलमेट की अनिवार्यता समाप्त की जाए

**रायपुर।** पेट्रोल पंपों में बगैर हेलमेट वाहन चालकों को फ्यूल नहीं दिए जाने पर पूर्व छात्र नेता डॉ. राकेश राज तराटे ने आपत्ति जताई है। उन्होंने विज्ञप्ति के माध्यम से इसे तुगलगी फरमान और हेलमेट कंपनियों को फायदा पहुंचाने वाला कदम बताते हुए कहा कि शहर के अंदरूनी इलाकों तेलीबांधा चौक, फूल चौक, शास्त्री चौक, शारदा चौक, लाखेनगर चौक, नलघर चौक पर बगैर हेलमेट कितने वाहन चालकों की मौत हुई है? हेलमेट सुरक्षा की दृष्टि से पहनना सही तो है, मगर इसे शहरी क्षेत्र के बजाय आऊटर के इलाकों में आवागमन के दौरान अनिवार्य करना चाहिए।

### छग झेरिया यादव समाज कल करेगा मंत्री यादव का सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की ओर से प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन भिलाई के रिसाली स्थित दशहरा मैदान में 7 सितंबर को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। इसी तरह समाज के प्रदेश सचिव एवं रायपुर महानगर इकाई के अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने समाज के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। श्री यादव ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रदेश के सभी ग्राम, मंडल, शहर, परिक्षेत्र व जिले के पदाधिकारियों व समाज के सदस्यों के लिए ठहरने व भोजन की व्यवस्था की है।



### ईद मिलादुन्नबी पर निकला भव्य जुलूस

**रायपुर।** ईद मिलादुन्नबी पर शुक्रवार को भव्य जुलूस निकाला गया। शहर सीरतुन्नबी कमेटी के अध्यक्ष मो. सोहेल सेठी ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 8 बजे से महबूबिया चौक बैजनाथपारा से जुलूस का आगाज हुआ, जो मालवीय रोड, जय स्तंभ चौक, शारदा चौक, आजाद चौक, सदर बाजार, सिटी कोतवाली होते हुए सीरत मैदान पहुंचा, जहां तिलावते कुरआन पाक कारी मो. इमरान ने की। उसके पश्चात हजरत सैय्यद अहमद अशरफ साहब किछौछा शरीफ ने हजरत मोहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें हजरत मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलते हुए ज्यादा से ज्यादा नेक काम करना चाहिए।

### निधन

#### जागेश्वर प्रसाद शर्मा



**रायपुर।** शिव मंदिर के पास पंडरी तालाब निवासी, नगर निगम के रिटायर्ड राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद शर्मा (76) का निधन हो गया। वे विनोद शर्मा, रामेश्वर शर्मा के बड़े भाई तथा अमित शर्मा के बड़े पिताजी थे।

# सूदखोर तोमर परिवार के खिलाफ कोर्ट में पेश चार्जशीट में 51 गवाहों के बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

- चालान में पांच आरोपी, वीरेंद्र, रोहित तोमर के नाम नहीं
- रोहित, वीरेंद्र के खिलाफ जांच जारी रखने कोर्ट ने दी अनुमति

सूदखोरी तथा एक्सटार्सन मामले में पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने गुरुवार को तोमर परिवार तथा उनके गुर्गों के खिलाफ कोर्ट में 22 सौ पन्नों का चालान पेश कर दिया है। चालान में रोहित, वीरेंद्र का नाम नहीं है। कोर्ट ने दोनों भाइयों के खिलाफ जांच जारी रखने पुलिस को अनुमति प्रदान की है। दोनों भाइयों की गिरफ्तारी होने पर या नहीं होने की स्थिति में पुलिस दोनों भाइयों के खिलाफ कोर्ट में अलग से पूरक चालान पेश करेगी।

कोर्ट में जो चालान पेश किया गया है, उसमें वीरेंद्र तथा रोहित की पत्नी शुभ्रा, भावना तोमर के साथ भतीजा दिव्यांश सिंह, बंटी सहारे, जीतेंद्र तोमर को आरोपी बनाया गया है। कोर्ट में जो चालान पेश किया गया है, उसमें डेढ़ दर्जन पीड़ित सहित 51 लोगों के बयान दर्ज हैं। कोर्ट में पेश चालान में एक्सटार्सन के साथ मारपीट के आरोप हैं। पीड़ितों ने पुलिस के समक्ष जो साक्ष्य पेश किए हैं और पुलिस ने जो दस्तावेज जब्त किया है, उन सभी दस्तावेजों को चालान की कॉपी में शामिल किया गया है।



सूदखोर तोमर बंधुओं की अग्रिम जमानत याचिका सेशन कोर्ट ने की खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एक्सटार्सन, सूदखोरी, मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित कई अन्य गंभीर अपराधों के आरोपी सूदखोर तोमर बंधुओं की सेशन कोर्ट ने बुधवार को अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। बचाव पक्ष के वकील ने वीरेंद्र तथा रोहित तोमर के खिलाफ दर्ज आधा दर्जन मामलों में अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में आवेदन पेश किया था। मामले की सुनवाई सीबीआई की विशेष अदालत में हुई। बचाव पक्ष के वकील ने कुर्की आदेश को लेकर कोर्ट में आवेदन पेश किया है, जिस पर गुरुवार को कोर्ट में सुनवाई होगी।

वीरेंद्र तथा रोहित तोमर दो महीने से ज्यादा समय से फरार हैं। दोनों भाइयों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने पांच हजार रुपए इनाम की घोषणा की है। इनाम घोषित होने के बाद भी दोनों भाइयों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस ने संपत्ति कुर्क करने कोर्ट में आवेदन पेश किया था। इस पर कोर्ट ने दोनों भाइयों को 19 अगस्त तक कोर्ट में पेश होने की उद्घोषणा की थी। उद्घोषणा के बाद भी आरोपियों के पेश नहीं होने पर कोर्ट ने पुलिस के आवेदन पर स्वीकृति देते हुए चार संपत्ति कुर्क करने कलेक्टर के पास प्रतिवेदन भेजा। कलेक्टर ने कुर्की की कार्रवाई करने तहसीलदार को निर्देशित किया है।

आवेदन के दूसरे दिन कुर्की आदेश

बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि कुर्की को लेकर उन लोगों ने 18 को कोर्ट में आवेदन पेश किया था, जिस पर कोर्ट ने 20 अगस्त को सुनवाई की तारीख तय की थी। इसे लेकर बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि उन्हें सुने बिना कुर्की आदेश जारी किया गया है। इस पर कोर्ट गुरुवार को सुनवाई करेगी। उसके बाद कुर्की की कार्रवाई तय की जाएगी।

साईं विला का मकान, जमीन होगी कुर्क

तहसीलदार प्रवीण परमार के अनुसार वीरेंद्र तथा रोहित तोमर की जिन चार प्रापर्टी का कुर्की किया जाना है, उनमें उनका भाठागांव स्थित साईं विला का मकान तथा जमीन शामिल है। इसी तरह से राजधानी से सटे आस-पास के परिया में तोमर भाइयों के नाम से जो तीन जमीन है। उसे भी कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट के फैसले के बाद गुरुवार को तय हो जाएगा की सूदखोर तोमर भाइयों की प्रापर्टी कब कुर्क होगी।

### उपस्थित नहीं होने पर संपत्ति कुर्क

*बीएनएस के नए कानून के तहत आरोपी के फरार होने की स्थिति में कोर्ट की अनुमति से आरोपियों के खिलाफ जांच के साथ उनके खिलाफ चालान पेश किया जा सकता है। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद आरोपियों की अनुपस्थिति में सजा देने का प्रावधन है। सजा सुनाए जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में कोर्ट आरोपियों की संपत्ति कुर्क कर नीलाम करने आदेश दे सकती है।*

### एक माह में ही सात एफआईआर

रोहित तोमर के खिलाफ जून में तेलीबांधा थाना में पहली एफआइआर मारपीट की दर्ज हुई है। प्रापर्टी डीलर दसमीत चावला ने रोहित के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसके बाद पुरानी बस्ती इलाके में छह मामले दर्ज किए गए हैं। इस साल एक माह के भीतर पुलिस ने दोनों पर सात मामले दर्ज किए हैं। पुलिस ने तोमर भाइयों के घर से 35 लाख कैश, 70 तोला सोना, 125 ग्राम चांदी जब्त की है। साथ ही चार महंगी गाड़ियों को पुलिस ने जब्त किया है।

## बुखार के साथ सर्दी-खांसी, फूड पाइजनिंग जैसी शिकायत बढ़ी, अस्पतालों में काफी मरीज

# मौसमी बीमारी 3 दिन में ठीक, मगर पोस्ट वायरल 10 दिन में भी पीछा नहीं छोड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

वातावरण में नमी के साथ दिन की तेज धूप और रात होने के बाद हल्की ठंडकता मानव शरीर पर विपरीत असर डाल रही है। होने वाली मौसमी बीमारी 3 से 5 दिन में दवा लेने के बाद ठीक हो जा रही है, मगर उसके बाद आने वाली कमजोरी और हरारत जैसी समस्या 10 दिन तक पीछा नहीं छोड़ रही है। बीमारी से ज्यादा पोस्ट वायरल के मरीज अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं। वर्तमान में मौसमी वायरल के रूप में सर्दी-खांसी के साथ फूड पाइजनिंग और बुखार जैसी शिकायत बढ़ गई है।

आंबेडकर अस्पताल के साथ जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग के डाक्टरों के मुताबिक पिछले पखवाड़ेभर से आने वाले मरीजों की संख्या तीन से चार गुना तक बढ़ गई है। मौसमी बीमारी से पीड़ित नये मरीजों की तुलना में पुराने मरीजों की संख्या अधिक है। ऐसे लोगों की शिकायत बीमारी ठीक होने के बाद उसके असर से शरीर में आने वाली कमजोरी है। मरीजों को काम में मन नहीं लगने से ज्यादा सोने की शिकायत हो रही है।

### वातावरण में नमी, दिन में तेज धूप, रात में हल्की ठंडकता से बढ़ा वायरल इंफेक्शन का खतरा

#### चिकित्सकों का कहना

*0 मौसमी बीमारी से पीड़ित होकर अस्पताल पहुंचने वालों की संख्या तीन गुना तक बढ़ चुकी है। बुखार, सर्दी-खांसी के साथ फूड पाइजनिंग की शिकायत लेकर भी लोग पहुंच रहे हैं।*

*- डॉ. योगेन्द्र मल्होत्रा, विशेषज्ञ मेडिसिन विभाग, आंबेडकर अस्पताल*

*0 बदलते मौसम का असर छोटे बच्चों पर भी काफी संख्या में हो रहा है। बड़े की तुलना में बच्चों की इम्युनिटी कम होती है, इसलिए उनके लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है।*

*- डॉ. निलय मोझरकर, शिशु रोग विशेषज्ञ, जिला अस्पताल*






डाक्टर उनके लक्षण के आधार पर उन्हें दवा देने के साथ विटामिन और टॉनिक भी लेने की सिफारिश कर रहे हैं। चिकित्सकों का दावा है कि हर मौसम में अपना स्वरूप बदलने वाले इंफ्लुएंजा समूह का वायरस इस पर थोड़ा पॉवरफुल हुआ है। पिछली बार वह दो से तीन दिन में ठीक हो जा रहे हैं, मगर बीमारी तीन से पांच दिन का वक्त ले रही है। इस बार बुखार भी पिछली बार की तुलना में अधिक तापमान के साथ लोगों को अपना शिकार बना रहा है। हालांकि दवाओं की नियमित खुराक से ठीक हो जा रही है। पोस्ट वायरल की समस्या समाप्त होने में ज्यादा समय ले रही है।

#### भर्ती करने की जरूरत नहीं

*काफी समय पहले मौसमी वायरल की शिकायत बढ़ने के बाद आंबेडकर अस्पताल में मरीजों की संख्या काफी अधिक बढ़ जाती थी। मेडिसिन विभाग की क्षमता कम होने और गंभीर स्थिति वाले मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण फ्लोर पर बेड लगाकर उनका इलाज करना पड़ता था। चिकित्सकों के मुताबिक अब इस तरह की समस्या खत्म हो चुकी है, क्योंकि विभाग में बेड की संख्या बढ़ चुकी है और उससे ज्यादा लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो चुके हैं।*

#### पखवाड़ेभर समस्या

*चिकित्सकों के मुताबिक वायरल इंफेक्शन की समस्या पंद्रह दिनों तक अपना असर दिखाएगी। इसके बाद मौसम में ठंडकता का प्रभाव बढ़ने लगेगा। मानव शरीर वातावरण के अनुरूप हो जाएगा, जिससे वायरल जैसी समस्या समाप्त हो जाएगी। अभी होने वाली मौसमी बीमारी का असर अधिक उम्र के लोगों के साथ छोटे बच्चों पर हो रहा है। शहर में गणेशोत्सव के दौरान जुटने वाली भीड़ की वजह से भी इंफेक्शन की शिकायत बढ़ी हुई है।*

# नर्सिंग कालेजों में प्रवेश के लिए मिलेंगे सिर्फ 15 दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

प्रदेश के नर्सिंग कालेजों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के पास केवल 15 दिन का वक्त होगा। माना जा रहा है कि दो दिन के अवकाश के बाद आयुष विश्वविद्यालय द्वारा इन कालेजों की संबद्धता सूची जारी की जाएगी। छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने विभिन्न पाठ्यक्रम के लिए 138 कालेजों को मान्यता दी है। इसमें बीएससी की 60 सीट वाला नया कालेज शामिल है।

जानकारी के अनुसार इस बार पुराने नर्सिंग कालेजों की सीटों की संख्या में किसी तरह का बदलाव नहीं हुआ है। केवल बीएससी नर्सिंग की 60 सीट बढ़ने की संभावना है। इसके लिए रायपुर के निजी कालेज को सीजी एनआरसी द्वारा मान्यता दी गई है। इस सूची के आधार पर आयुष विश्वविद्यालय संबद्धता प्रदान करेगा। जानकार सूत्रों का कहना है कि आयुष विवि की संबद्धता सूची सोम-मंगलवार को जारी होने की संभावना है। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग शासकीय एवं निजी नर्सिंग कालेजों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करेगा। सूत्रों के अनुसार आईएनसी द्वारा नर्सिंग एडमिशन के लिए 30 सितंबर अंतिम तारीख निर्धारित किया गया है। इस हिसाब से काउंसिलिंग की प्रक्रिया 15 दिन के भीतर पूरी करनी होगी। राज्य में बीएससी नर्सिंग की लगभग साढ़े सात हजार सीटें हैं।



#### 40-50 परसेंटाइल का नियम

भारतीय नर्सिंग काउंसिल द्वारा बीएससी नर्सिंग में एडमिशन के न्यूनतम योग्यता सामान्य वर्ग के लिए 50 तथा आरक्षित वर्ग के लिए 40 परसेंटाइल तय किया गया है। व्यापमं द्वारा आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा में लगभग 16 हजार प्रवेश प्रक्रिया के लिए पात्र हैं। सीटों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन द्वारा शुरू से ही प्रवेश प्रक्रिया 15 परसेंटाइल से प्रारंभ किए जाने की मांग उठ रही है।

#### यूजी एडमिशन के दूसरे राउंड का इंतजार

चिकित्सा की पढ़ाई करने वालों को एमबीबीएस-बीडीएस के दूसरे राउंड की काउंसिलिंग का इंतजार है। ऑल इंडिया कोटे से प्रवेश के लिए दूसरे दौर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अनुमान है कि अवकाश समाप्त होने के बाद इसका शेड्यूल भी जारी किया जा सकता है। चिकित्सा शिक्षा विभाग वर्तमान एमडीएस यानी डेंटल के स्नातकोत्तर विषयों में प्रवेश की प्रक्रिया लगभग पूरी कर चुकी है।

# जिले के 101 स्कूलों में बनाएंगे विज्ञान क्लब



- जिला प्रशासन रायपुर और विज्ञान भारती के बीच समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

राजधानी के स्कूलों में अब विज्ञान क्लब बनाए जाएंगे, जहां बच्चों को साइंस संबंधित ज्ञान मिल सकेगा। मुख्यमंत्री निवास में सीएम विष्णुदेव साय की उपस्थिति में जिला प्रशासन रायपुर और विज्ञान भारती के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता किया गया।इस पहल का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, नवाचार को बढ़ावा देना और उन्हें विभिन्न वैज्ञानिक कॅरियर अवसरों से परिचित कराना है। इस साझेदारी के तहत जिले के 101 स्कूलों में विभा साइंस क्लब, छात्र मंच, अटल टिंकरिंग लैब और विद्यार्थी विज्ञान मंथन जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसके माध्यम से छात्रों को वैज्ञानिक प्रयोग, व्याख्यान, प्रयोगशालाओं और उद्योगों के शैक्षणिक भ्रमण, तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

#### शिक्षकों को भी मिलेगा प्रशिक्षण

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय और विज्ञान भारती के वराप्रसाद कोल्ला इस दौरान मौजूद रहे। उन्होंने बताया, विज्ञान भारती की ओर से छात्रों और शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण, विज्ञान-आधारित गतिविधियों का संचालन और राष्ट्रीय स्तर की पहल से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को लेकर के अलग-अलग प्रकार की गतिविधियां बनाई गई हैं। इन गतिविधियों का क्रियान्वयन इसके अंतर्गत होगा। कलेक्टर ने कहा, यह पहल विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो नई पीढ़ी को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

# सर्व बंग समाज ने की टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



- पत्रकार वार्ता में समाज के लोग बोले- असुरक्षा की स्थिति निर्मित कर रहीं सांसद

छत्तीसगढ़ बंग समाज ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राजनैतिक लाभ के लिए पश्चिम बंगाल की सांसद बार-बार बंग समाज की अस्मिता के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। यह किसी भी हालत में छत्तीसगढ़ सर्व बंग समाज को मंजूर नहीं है। इसके विरोध में समाज के लोग आंदोलन के लिए तैयार है। हमेशा से ही बंग समाज को छत्तीसगढ़ में विशेष सम्मान मिला है। यहां 100 साल से भी ज्यादा समय से बंग समाज के लोग प्रदेश सहित देश के दूसरे राज्यों में मिलाकर करीब तीन करोड़ की तादाद में परिवार के साथ रहते हैं। सांसद की गिरफ्तारी को लेकर राज्यपाल, सीएम और गृह मंत्री को ज्ञापन देने की तैयारी है।

राजधानी सहित प्रदेश में निवास करने वाले बंग समाज के लोगों को लेकर मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में गोपाल सामंतो, देवाशीष मोहंती सहित समाज के लोगों ने संयुक्त रूप से उक्त जानकारी। बताया कि बांग्लाभाषी और बांग्लादेशी के इस फ़र्क़ को मिटाने में नेता इतने मशगूल हो गए है कि इस बात को समझने में नाकाम है की पश्चिम बंगाल के बाहर भी तीन करोड़ बंग समाज के लोग वर्षों से शांतिपूर्ण ढंग से निवास कर रहे है। जिनके लिए हर दिन महुआ मोइत्रा जैसे नेता जोखिम और खतरा पैदा करते जा रही है। आज छत्तीसगढ़ सर्व बंग समाज ऐसे राजनीतिविदों की घोर निंदा करती है और छत्तीसगढ़ सरकार से मांग करती है की माना थाने में दर्ज हुए एफआईआर पर तत्काल कार्यवाही करते हुए महुआ मोइत्रा को गिरफ्तार करके कोर्ट के सामने प्रस्तुत करें। यह भी मांग करते है की पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जो हर मंच पर खुद को बंग समाज की हितैषी बताती है, वे अपने सांसद को स्वयं देश के संसद से वापस बुलाएं।

# गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं। इसके तहत महादेव घाट स्थित विसर्जन कुंड स्थल पर सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए समिति का गठन भी किया है। यह समिति पूरी जिम्मेदारी के साथ 6 से 12 सितंबर तक पूरी व्यवस्था संभालेगी।

इस व्यवस्था के तहत विसर्जन स्थल पर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की 6 सितंबर को सुबह 6 बजे से ड्यूटी भी लगा दी है, जो 12 सितंबर को सुबह 6 बजे तक अलग-अलग दिन एवं समय पर यहां तैनात रहेंगे।



- 6 से 12 सितंबर तक विसर्जन स्थल पर रहेंगे तैनात
- आयुक्त ने गणेश विसर्जन स्थल की सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए गठित की समिति

#### सभी प्रतिमाएं महादेव घाट विसर्जन कुंड में होंगी विसर्जित

नगर निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर आदेश जारी किया है। इसके तहत गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन महादेव घाट में निर्मित विसर्जन कुंड में किया जाना है। इस कुंड में शहर के सार्वजनिक स्थानों से लेकर घर-घर विराजित प्रतिमाएं भी विसर्जित होंगी। उन्होंने विसर्जन स्थल पर जोनवार प्रशासनिक व्यवस्था के लिए सभी जोन कमिश्नरों, जोन कार्यपालन अभियंताओं, सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, समयपालों, मजदूरों, गोताखोर की ड्यूटी लगाई है। इसके अलावा स्थल पर चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

#### शारदा चौक से प्रारंभ होंगी गणेश विसर्जन झांकियां

गणेश प्रतिमा विसर्जन झांकी शारदा चौक से प्रारंभ होगी। यहां सभी झांकियां को नंबर दिए जाएंगे। इसके बाद ये झांकियां शारदा चौक से होकर जयस्तंभ, कोतवाली, सदर बाजार, सत्ती बाजार, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती थाना चौक, लीली चौक, लाखे नगर चौक, सुन्दरनगर, महादेव घाट रिंगरोड चौक होते हुए रायपुरा महादेव घाट विसर्जन कुंड स्थल पहुंचेंगी।

#### लाखेनगर चौक से महादेव घाट रिंगरोड तक वन वे

गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने, इसे लेकर लाखे नगर चौक से महादेवघाट रिंगरोड तक सड़क वन वे रहेगी। यह व्यवस्था झांकी निकलने के दिन 8 सितंबर को शाम 7 बजे से लेकर 9 सितंबर की शाम 7 बजे तक रहेगी।

#### विसर्जन स्थल पर 10 पंडितों की व्यवस्था

महादेव घाट विसर्जन कुंड स्थल पर इस बार भी बप्पा की प्रतिमाओं का विसर्जन पूजा-पाठ के साथ किया जाएगा। इसके लिए निगम प्रशासन ने कुंड स्थल पर 10 पंडितों की व्यवस्था भी की है। इन पंडितों की व्यवस्था के लिए आयुक्त ने जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल को निर्देशित किया है।

## पेज 03 के शेष ...

### 50 झांकियों से...

विसर्जन के लिए झांकी निकाली जाएगी, उस दिन शहर के ज्यादातर प्रमुख मार्गों पर रात आठ बजे के बाद रूट डायवर्ट किया जाएगा। चाकूबाजों तथा बदमाशों की पहचान करने पूर्व में लंबे अरसे से रायपुर में पदस्थ रहे पुलिस अफसरों की भी ड्यूटी लगाने की व्यवस्था की गई है। एएसपी सिटी लखन पटले के अनुसार जिस दिन झांकी निकलेगी, उस दिन पुलिस की पेट्रोलिंग टीम शाम से ही पेट्रोलिंग करने निकल जाएगी। अंदर गलियों में पेट्रोलिंग करने बाइक पेट्रोलिंग लगाने की व्यवस्था की गई है। झांकी के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने सभी थानों के टीआई को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही 16 राजपत्रित पुलिस अफसर पूरी व्यवस्था की निगरानी करने के साथ ही कानून व्यवस्था मेटेंन करेंगे। कोतवाली थाने को कंट्रोल रूम बनाया गया है।

### यहां रूट डायवर्ट...

- तेलीबांधा-शास्त्री चौक से जीई रोड होकर टाटीबंध की ओर जाने वाले वाहन शास्त्री चौक से कालीबाड़ी, पचपेढ़ी नाका से रिंग रोड-1 होकर आवागमन कर सकेगें या फाफाडीह चौक से स्टेशन रोड, चौबे कालोनी, समता कालोनी होकर आवागमन कर सकेंगे।
- खमतराई-फाफाडीह होकर आवागमन करने वाले वाहन चालक रिंग रोड-2 होकर आवागमन कर सकते हैं।
- धमतरी रोड पचपेड़ी नाका होकर रेल्वे स्टेशन, अंबेडकर अस्पताल आवागमन करने वाले वाहन चालक कालीबाड़ी चौक, शास्त्री चौक, मरही माता चौक होकर आवागमन कर सकते है।

### इन मार्गों से...

लाखेनगर चौक से सुन्दर नगर मार्ग होकर रायपुरा चौक (अंडरब्रीज) से महादेव घाट विसर्जन स्थल है।

### विवादित गणेश प्रतिमा को...

स्थापित एआई गणेश प्रतिमा को लेकर हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने अमर्यादित बताते हुए धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला बताते हुए प्रतिमा विसर्जन करने गणेश समिति से जुड़े लोगों पर दबाव बना रहे थे। साथ ही समिति के खिलाफ हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने आजाद चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रतिमा विवाद को लेकर गुरुवार को हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने पंडाल के सामने पूरे दिन धरना प्रदर्शन करने के साथ विरोध प्रदर्शन किया।

### गेंहू और चना बीज के...

700 किसानों से वसूल की गई थी अतिरिक्त राशि : विभागीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि तिल्दा क्षेत्र में रबी 2024 और खरीफ 2025 सीजन में गेंहू और चना बीज वितरण में लगभग सात सौ किसानों से ढाई लाख रुपए से अधिक राशि वसूल की गई थी। इस तरह विस्तार अधिकारियों ने किसानों को प्रति बोरी गेंहू बीज में 268 रुपए तथा चना बीज बोरी में 290 रुपए अतिरिक्त रुपए लेकर बेचा था। किसानों ने यह अतिरिक्त राशि ऑनलाइन के साथ नकद रुपए देकर चुकाया था। गेंहू एवं चना बीज के अलावा कृषि विस्तार अधिकारियों ने जिंग सल्फेट के विक्रय में भी किसानों से प्रति किलोग्राम में 42 रुपए की जगह 50 रुपए वसूला है। जिंग सल्फेट करीब दो-ढाई सौ किसानों को बेचा गया है। इस तरह 8 रुपए अतिरिक्त कीमत पर जिंग सल्फेट किसानों को बेचा है। इस मामले की जांच अभी जारी है।

### बिलासपुर और सरगुजा संभाग में...

के रास्ते छत्तीसगढ़ होते हुए मध्यप्रदेश से सिस्टम आगे बढ़ चुका है। प्रदेश की सीमा से दूर होते-होते इसके असर से बिलासपुर तथा सरगुजा संभाग में भारी बारिश हुई। सिस्टम चूंकि आगे बढ़ चुका है, इसलिए इसका असर मध्य में बिलकुल नहीं हुआ। बस्तर की भौगोलिक स्थिति की वजह से वहां हल्की से मध्यम बारिश हुई। शुक्रवार से वर्षा की गतिविधि में पूरी तरह विराम लग गया है और अगले दो से तीन दिन तक पानी गिरने की संभावना नहीं है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य में पोंडी में 90, अड़भार में 70, कटघोरा, रामानुज नगर, सक्ती में 60, केल्हारी, बरपाली, चांपा, बलौदा, उपरोरा, कोटाडोल, दर्री में 50-50 मिमी. बारिश हुई। शुक्रवार को राजधानी का तापमान पूरी तरह सामान्य रहा और अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा।

# मौजूदा सत्र के शिक्षक सम्मान घोषित, ये अगले वर्ष होंगे पुरस्कृत

- राजधानी से महेंद्र पटेल और भारती अग्रवाल का चयन, नियमानुसार प्रदेशभर से 64 चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

शुक्रवार को राजभवन में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह के साथ ही अगले वर्ष सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों के नामों की भी घोषणा कर दी गई है। नियमानुसार, 64 नामों का चयन पुरस्कार के लिए किया गया है। राजधानी रायपुर से महेंद्र पटेल और भारती अग्रवाल का चयन सत्र 2025-26 शिक्षक सम्मान के लिए हुआ है।

चयनित शिक्षकों को अगले वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। धमतरी जिले से रंजिता साहू और लीलाराम साहू, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले से हेमंत श्रीवास और सरिता सिदार, राजनांदगांव जिले से थंगेश्वर कुमार और कोनिका सोनी, दंतेवाड़ा जिले से कैलाश कुमार नीलम और सुमन चौधरी, कबीरधाम जिले से चंद्रिका प्रसाद चंद्रवंशी और संतोष साहू, सरगुजा जिले से अजय कश्यप और रेखा रॉय, नारायणपुर जिले से विरेन्द्र निषाद, जशपुर जिले से संतोषी डनसेना और रवि गुप्ता का चयन किया गया है।

#### कई मापदंडों पर चयन

*इन 64 चयनित शिक्षकों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान एवं शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारपूर्ण प्रयासों के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। अन्य नामों में कोरिया जिले से जया मिश्रा और पूनम पाण्डेय, मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले से सुजीत साहू, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से मोहनलाल जंघेल और पदमा साहू, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से भजनलाल साहू और योगेन्द्र देवांगन, बलरामपुर-रामानुजगंज जिले से संजय श्रीवास्तव और अमृता निकुंज, दुर्ग जिले से कुमुद साहू और पवन सिंह, कोरबा जिले से कौशिल्या खुराना और जितेन्द्र साहू, सूरजपुर जिले से गोपाल सिंह और योगेश साहू, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से कन्हैया लाल साहू और विशेषवर साहू, मुंगेली जिले से रघुनाथ राठौर और वंदिता शर्मा चयनित किए गए हैं।*

#### इनके भी नाम शामिल

इसी तरह कोण्डागांव जिले से हीरालाल चुरेन्द्र और सूरजलाल नेताम, रायगढ़ जिले से आरती साहू और ओमकुमारी पटेल, सुकमा जिले से परिणीता कश्यप और सविता उसेंडी, गरियाबंद जिले से ओमेश्वरी साहू और अनिल अवस्थी, सक्ती जिले से छबि लाल राठौर और पिललाल पटेल, बालोद जिले से नेमसिंह साहू और खेमंत साहू, जांजगीर-चांपा जिले से गुलजार बरेठ और अंजू किरण, बेमेतरा जिले से शीतल बैंस और आंचल वर्मा, महासमुंद जिले से नीलाम्बर नायक और लक्ष्मणदास मानिकपुरी शामिल हैं। बिलासपुर जिले से जय कौशिक और प्रवीण मिश्रा, बस्तर जिले से बुधराम कश्यप और कामेश्वरी कश्यप, उत्तर बस्तर कांकेर जिले से प्रेमप्रकाश साहू और बोधनलाल साहू, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले से धर्मेन्द्र कुमार कैवर्त्य और शिव नारायण सिंह, बीजापुर जिले से अनिल जाटव और केदारनाथ देशमुख का नाम घोषित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### साक्षरता सप्ताह का समापन कल, विशेष कार्यक्रम भी

**रायपुर।** देशव्यापी साक्षरता सप्ताह 1 से 7 सितंबर के सातवें और अंतिम दिन 7 सितंबर को पूरे प्रदेश में महिला साक्षरता पर केन्द्रित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सामुदायिक रेडियो, स्थानीय सिनेमा हाल और लाउडस्पीकर बैंड के माध्यम से रेडियो जिंगल्स एवं लघु फिल्मों का प्रसारण किया जाएगा, जिनमें महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण का संदेश दिया जाएगा। प्रत्येक जिले में महिला साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, व्यावसायिक कौशल सामग्रियों का प्रदर्शन और जागरूकता आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में महिला स्वयं सहायता समूह, नव-साक्षर महिलाएँ, छात्राएँ और विभिन्न सामाजिक संगठन शामिल होंगे। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण ने अधिकारियों ने बताया कि महिला साक्षरता को सुदृढ़ करना नव भारत साक्षरता कार्यक्रम एनआईएलपी का एक प्रमुख उद्देश्य है। महिलाओं को शिक्षित एवं कौशलयुक्त बनाने से परिवार और समाज दोनों में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों का समापन महिला साक्षरता पर केन्द्रित उक्त आयोजनों के साथ होगा तथा 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह आयोजित होगा।

### एंटी रेबीज वैक्सीनेशन कल

**रायपुर।** पशु सेवकों और रेसक्यू कार्यकर्ताओं के लिए निशुल्क एंटी रेबीज वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन शहर में 7 सितंबर को किया जा रहा है। विजय चौक अवंति विहार स्थित पेट डायग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेंटर में यह कैंप लगाया जा रहा है। बूस्टर डोज 14 व 18 सितंबर को लगाया जाएगा। टीकाकरण अभियान प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इस दौरान कोई भी निशुल्क रूप से वैक्सीन लगवा सकता है। पशु चिकित्सक डॉ.पद्म जैन ने बताया, पशु सेवा और रेसक्यू करने वाले व्यक्तियों के साथ जिनके घर में पालतू जानवर हैं, उन्हें भी यह वैक्सीन लगवानी चाहिए।

# प्राध्यापकों को वेतन देने पैसे नहीं, पांच साल बाद डीएलएड फीस वृद्धि की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में संचालित डीएलएड पाठ्यक्रमों की फीस में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से वृद्धि हो सकती है। अब तक डीएलएड करने वाले विद्यार्थियों को 19 हजार रुपए ट्यूशन फीस के रूप में देने पड़ते थे। अब उन्हें 35 हजार रुपए देने पड़ सकते हैं। प्रदेश में डीएलएड पाठ्यक्रम की फीस बीते पांच वर्षों से नहीं बढ़ाई गई है। निजी महाविद्यालयों द्वारा कई बार इसके लिए मांग भी की जा चुकी थी। कोई राहत नहीं मिलने के बाद एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट प्रोफेशनल उनएडेड कॉलेजेस आफ छत्तीसगढ़ द्वारा याचिका दायर की गई। अब उच्च न्यायालय बिलासपुर ने डिप्लोमा एजूकेशन अर्थात डीएलएड की फीस तुरंत तय करने आदेश दिया है। आदेश के बाद अब फीस निर्धारण कमेटी स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बनाई जाएगी, जो नए सिरे से शुल्क का निर्धारण करेगी। प्रदेश में 66 निजी शिक्षा महाविद्यालय हैं, जहां बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों का संचालन होता है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए काउंसिलिंग शुरू हो चुकी है। जिन छात्रों को सीट आवंटित होगी, उन्हें नई दर से शुल्क भुगतान करना पड़ सकता है।

**प्रदेश में 66 निजी शिक्षा महाविद्यालय, यहां डीएलएड की 6610 सीटें**

**एससीईआरटी ने भेजे थे नाम**

डीएलएड पाठ्यक्रमों में फीस वृद्धि के लिए पिछले शैक्षणिक सत्र में भी प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन कोई परिणाम नहीं निकले। शासन स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति के लिए दो सदस्यों के लिए नाम राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने 31 जुलाई 2024 को भेजे थे। स्कूल शिक्षा विभाग इसके बाद भी कोई निर्णय नहीं ले सका था। पुराने दर के आधार पर ही छात्रों से पिछले सत्र में शुल्क लिया गया। न्यायालय के आदेश पश्चात नए सिरे से कमेटी बनाई जाएगी अथवा पुरानी कमेटी ही शुल्क निर्धारण करेगी, इसे लेकर कोई व्यवस्था अब तक नहीं हुई है।



**मानक बीएड की तर्ज पर**

डीएलएड और बीएड महाविद्यालयों के नियमों का निर्धारण एनसीटीई अर्थात नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन द्वारा किया जाता है। निजी शिक्षा महाविद्यालय संघ के संयोजक राजीव गुप्ता के अनुसार, दोनों ही पाठ्यक्रमों के लिए मानक एक समान है। अर्थात प्राध्यापकों को दिए जाने वाले वेतनमान से लेकर अन्य चीजों में एकरूपता होनी चाहिए। प्रदेश में बीएड की फीस 35 हजार रुपए है, जबकि डीएलएड की 19 हजार ही है। इतनी कम राशि में प्राध्यापकों को वेतन प्रदान करना मुश्किल हो रहा है।

## कर्मचारियों का तर्क- नियमितीकरण का मसला केंद्र नहीं राज्य सरकार का

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल, सामूहिक इस्तीफे के बाद अब आंदोलन और उग्र करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शासन द्वारा 25 कर्मचारियों को निकालने के जवाब में सामूहिक इस्तीफा देने वाले एनएचएम के कर्मचारी अपना आंदोलन उग्र करने की तैयारी में हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि नियमितीकरण का मामला केंद्र नहीं राज्य सरकार है। कर्मचारी 18 अगस्त से काम बंदकर हड़ताल पर बैठे हैं, जिसका विपरीत असर स्वास्थ्य सेवा पर हो रहा है।

छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16 हजार कर्मचारी कामबंद धरने पर बैठे हुए हैं, जिसकी वजह से स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाओं का सिस्टम चरमराया हुआ है। शासन उनकी हड़ताल को अवैध घोषित कर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पदाधिकारियों के साथ 25 लोगों को बर्खास्त कर चुका है। इस एक्शन के विरोध में कर्मचारियों ने गुरुवार को राजधानी में जमकर हंगामा किया और सामूहिक इस्तीफा दिया था। शुक्रवार को अवकाश के दिन भी उनका आंदोलन जारी रहा। एनएचएम के कर्मचारी अपना आंदोलन और तेज करने के मूड में हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित मिरी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का कहना है, उनकी मुख्य मांग का निराकरण केंद्र सरकार की अनुमति से होगा, जबकि स्वास्थ्य राज्य का मामला है। ऐसे में इसमें पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की बनती है । जिन अन्य पांच मांगों पर शासन द्वारा सहमति की बात कही गई है उस पर भी आपत्ति है। उनका कहना है कि पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मियों को जो सुविधा प्रदान की जाती हैं वहीं सुविधायें छत्तीसगढ़ में भी प्रदान की जाएं। उन्होंने कहा कि शासन और कर्मचारियों के बीच आपसी संवाद की कमी से प्रदेश की जनता की दिक्कत बढ़ी है। हड़ताल के कारण पोषण पुनर्वास केंद्र, स्कूलों और आंगनबाड़ी में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, टीबी मलेरिया की जांच, प्रसव कार्य, टीकाकरण, नवजात शिशु स्वास्थ्य केंद्र जैसी जरूरी स्वास्थ्य सुविधा बाधित हुई है।

# कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल जांच में फेल, सप्लायर कंपनी एफ़ी पैरेंटेरल्स को ब्लैकलिस्टेड करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दवा असरहीन...कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की पांच बैच पर बैन, बच्चों को दी जानी थी खुराक

रायपुर एवं बलौदाबाजार के हेल्थ सेंटरों और अस्पतालों को सीजीएमएससी का सर्कुलर

कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल लैब की जांच में फेल हो गई है। अस्पतालों में सप्लाई के पहले सीजीएमएससी द्वारा उसकी जांच कराई गई थी। इसके बाद सप्लायर कंपनी मेसर्स एफी पैरेंटेरल्स को ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी है। कंपनी को इस संबंध में कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। दवा निगम द्वारा 18 दिन पहले रायपुर और बलौदाबाजार जिले में सर्कुलर जारी कर दवा के उपयोग पर रोक लगाई गई थी।

- **अस्पतालों में भेजने से पहले दवा निगम ने कराई जांच, 18 दिन पहले कराया गया था होल्ड**

इस कृमिनाशक दवा का उपयोग सरकारी अस्पतालों के साथ छोटे बच्चों को कृमिमुक्त रखने चलाए जाने वाले अभियान के लिए भी उपयोग किया जाता है। सीजीएमएसी को इस दवा की सप्लाई मेसर्स एफ़ी पैरेंटेरल्स द्वारा की गई थी। दावा किया जा रहा है कि गोदामों में रखी अल्बेंडाजोल टेबलेट्स आईपी 400 एमजी (ड्रग कोड – डी12) के बैचेस पीजीटी 25451, पीजीटी 25450, पीजीटी 25480, पीजीटी 25229 को अस्पतालों में भेजने से पहले राज्य औषधि परीक्षण एवं अनुसंधान प्रयोगशाला में टेस्ट कराया गया। जांच में यह बैचेस फेल पाए गए, अतः क्वालिटी के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट किये जाने शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। साथ ही फर्म को दवा गोदामों से ही टेस्ट में फेल बैचेस की सम्पूर्ण दवा को वापस लेने का निर्देश दिया गया है। आम लोगों को क्वालिटी दवाएं ही उपलब्ध हों, इसको सुनिश्चित करने के लिए पूर्व में वितरित बैच से भी एक बार पुनः रैंडम सैंपलिंग कर परीक्षण किये जाने का भी निर्णय लिया गया है। सीजीएमएससी द्वारा 18 अगस्त को रायपुर और बलौदाबाजार के तमाम शासकीय अस्पतालों को सर्कुलर जारी कर दवा के पांच बैच को होल्ड करने कहा था।

**कई दवाओं के उपयोग पर रोक**

सीजीएमएससी द्वारा कृमिनाशक दवा के पहले फंगस होने की वजह से पैरासिटामोल का टेबलेट, खून पतला करने की दवा, मिर्गी का झटका रोकने सहित अन्य तरह की दवा, ग्लूकोज चढ़ाने उपयोग की जाने वाली स्ट्रीप, जंग लगे सर्जरी ब्लेड और चक्कर आने की शिकायत पर एक कंपनी की ग्लूकोज के उपयोग पर भी पाबंदी लगाई गई थी। इन मामलों में भी सीजीएमएसी द्वारा कार्रवाई किए जाने की तैयारी है।

# नगर निगम स्कूलों के 63 शिक्षक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर निगम रायपुर की ओर से शुक्रवार को निगम मुख्यालय में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें नगर निगम में पदस्थ 63 महिला एवं पुरूष शिक्षकों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, शिक्षा युवा कल्याण विभाग के अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, एमआईसी सदस्य महेंद्र खोडियार, अवतार भारती बागल, दीपक जायसवाल, अमर गिदवानी,खेम कुमार सेन, डॉक्टर अनामिका सिंह सहित निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।




# भाजपा प्रवक्ता डॉ. मिश्रा बोले कांग्रेस दिखावे के लिए दे रही समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी कर्मचारियों की मांगों को लेकर राज्य की भाजपा सरकार गंभीर है। उनकी 10 में 5 मांगों को पूरी कर दिया गया है, शेष 5 मांगों को लेकर सरकार लगातार मंथन कर रही है।

भाजपा सरकार ने जो वायदा किया है, उसे पूरा करेगी, एनएचएम कर्मचारियों को सरकार पर भरोसा करना होगा। उन्होंने एनएचएम कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के दिए गए बयानों को लेकर कहा कि यह कांग्रेस की पुरानी आदत है। जब खुद सत्ता में थे, तब इन कर्मचारियों की मांगों पर उदासीन बने रहे। अब बयानबाजी कर केवल अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि उन्हें मालूम है कि भाजपा सरकार लगातार एनएचएम कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि, मेडिकल व अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति और न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा जैसे मांग पूरी कर ली गई है। शेष 5 मांगों पर भी विचार चल रहा है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार में ही यह संभव है, जब कर्मचारी, कारोबारी और किसानों की सबकी मांग पूरी की जाती है। इसलिए एनएचएम कर्मचारियों को राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था और जनहित का ख्याल रखते हुए तत्काल हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटना चाहिए।

**आम सूचना**

**ग्राम मेहरसखा प.ह.न. 04 रा.नि.म. व तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित कृषि भूमि ख.न. 185 रकबा 0.664 हे. के विक्रय के संबंध में**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार नारायण प्रसाद पाल पिता उधोराम पाल निवासी म.न. 22, गड़रिया पारा कुथरेल, तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेतागण श्री नरेन्द्र कुमार, संतोषी वर्मा, सीता वर्मा पिसरान स्व. जगदीश प्रसाद वर्मा, उर्मिला वर्मा पति स्व. जगदीश वर्मा सभी निवासी ग्राम मेहरसखा प.ह.न. 04 तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. के हित, हक, आधिपत्य की कृषि भूमि मौजा मेहरसखा प.ह.न. 04 तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित है जिसका पटवारी अभिलेख मे अनुसार ख.न. 185 रकबा 0.664 हे. भूमि को क्रय करने का विक्रय अनुबन्ध कर अग्रीम राशि अदा कर दिया गया है उक्त भूमि का पंजीयन एवं निष्पादन की कार्यवाही शेष है।

अतएव उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तिय संस्था, निकाय, शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार से उजर दावा आपत्ति हो तो मय दस्तावेज मेरे कार्यालय मे 15 दिवस के भीतर प्रस्तूत करें, बाद-म्याद की गयी दावा आपत्ति शून्य माना जावेगा।

**सो सूचना जाने।**

स्थान रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 05/09/2025

**भवदीय**
**दिनेश कुमार पाण्डेय अधिवक्ता**
**निकिता पाण्डेय अधिवक्ता**
**कार्यालय, स्टेडियम के पास, धरसींवां जिला रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं.- 9826198643, 6260431422**

### हार्डवेयर दुकान में 30 हजार की चोरी

**रायपुर।** धरसींवा थाना के सिलियारी चौकी में एक हार्डवेयर दुकान के कारोबारी ने अपने गांव के परिचित लड़के के खिलाफ दुकान के शटर का ताला तोड़ कर गल्ला सहित कैश 30 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कारोबारी तथा परिवार के लोगों के जाग जाने की वजह से चोर नकदी के साथ नोट रखने वाला गल्ला साथ लेकर चला गया। घटना गुरुवार तड़के तीन बजे की है। पुलिस के मुताबिक मेन रोड सांकरा में संचालित रानू हार्डवेयर के संचालक आजाद कुमार जैन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। आजाद ने पुलिस को बताया है कि उसका घर तथा दुकान साथ लगा हुआ है। दुकान के ऊपरी मंजिल में वह परिवार के साथ रहता है। दुकान के बाजू से घर जाने सीढ़ी बनी है। बुधवार रात साढ़े आठ बजे दुकान बंद कर आजाद घर गया। रात तीन बजे शटर खुलने की आवाज सुनकर आजाद तथा उसके परिजन जाग गए।



























**शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"**

माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्रं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार क्रय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।




**शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"**

शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध )। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।






# जीआईएस तकनीक से राजधानी में पहली बार सब स्टेशन बनाने की पॉवर कंपनी की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी ने प्रदेश में पहली बार राजधानी रायपुर में जीआईएस तकनीक से 33/11 केवी का सब स्टेशन बनाने का फैसला किया है। इसके लिए नयापारा बिजली दफ्तर के स्थान को लगभग फाइनल कर लिया गया है। यहां पर दो फीडर बनेंगे। इसमें से एक फीडर में पुराने मंत्रालय के सब स्टेशन और दूसरे फीडर में ईदगाह भाठा के सब स्टेशन से 33 केवी की अंडर ग्राउंड लाइन आएगी। जीआईएस तकनीक की खासियत यह है कि इसमें सामान्य सब स्टेशन में लगने वाले स्थान का महज 30 फीसदी स्थान ही लगता है। राजधानी में वैसे भी स्थान की कमी है। ऐसे में अब राजधानी में बढ़ते लोड को देखते हुए आने वाले समय में जीआईएस तकनीक से ही सब स्टेशन बनाने का काम होगा। पॉवर कंपनी की कंपनियों में ट्रांसमिशन कंपनी के हिस्से में 132/33 और इससे ज्यादा क्षमता के सब स्टेशन बनाने का काम आता है। 33 और 11 केवी के सब स्टेशन बनाने का काम पॉवर वितरण कंपनी करती है। अब तक पॉवर वितरण कंपनी ने प्रदेश भर में जो भी 33 और 11 केवी के सब स्टेशन बनाने का काम किया है, सभी सामान्य तकनीक से बनाए गए हैं।

## अंडरग्राउंड वायरिंग से बनेगा 33/11 केवी का सब स्टेशन

### कम स्थान में बनेगा सब स्टेशन

राजधानी रायपुर में नए सब स्टेशन बनाने के लिए अब स्थान की कमी होने लगी है। ऐसे में पॉवर वितरण कंपनी ने फैसला किया है कि आने वाले समय में कम स्थान में बनने वाले सब स्टेशन जीआईएस तकनीक से बनाए जाएंगे। इस तकनीक से ट्रांसमिशन कंपनी ने रावणभाठा में 2016 में 132/33 केवी का 63 एमवीए वाला सब स्टेशन बनाया था जो बीते 9 साल से अच्छे से चल रहा है। एक तरफ जहां ट्रांसमिशन कंपनी अब 400 केवी के दो नए सब स्टेशन जीआईएस तकनीक से बनाने की योजना पर काम कर रही है, वहीं वितरण कंपनी ने भी अब इस तकनीक को अपनाने का फैसला किया है।

### लगातार बढ़ रहा है लोड

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है राजधानी रायपुर में लगातार लोड बढ़ रहा है। ऐसे में अब इसके लिए नए सब स्टेशन बनाने की जरूत है। लेकिन नए सब स्टेशन के लिए बड़े स्थान नहीं मिल पाते हैं। यही वजह है कि अब जीआईएस तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। नयापारा के दफ्तर में करीब तीन हजार वर्ग फीट जमीन पड़ी है। इस पर ही 33/11 केवी के सब स्टेशन बनाकर इसमें दो फीडर बनाए जाएंगे। ये फीडर 10-10 एमवीए के होंगे।

### यह है जीआईएस तकनीक

इस तकनीक के बारे में पॉवर कंपनी के अधिकारी बताते हैं सामान्य तकनीक एयर इंसुलेटेड होती है, जबकि जीआईएस तकनीक गैस इंसुलेटेड रहती है। इसमें सल्फर हेक्साफ्लोराइड से इंसुलेटेड करके ऊर्जा को नियंत्रित और सप्लाई किया जाता है। इसमें जिस गैस का इस्तेमाल किया जाता है, वह 40 साल तक खराब नहीं होती है। इसी के साथ इसमें सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि इसमें स्थान बहुत कम लगता है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक जीआईएस पूरी तरह इंडोर होता है। सिस्टम में बड़ी-बड़ी पाइप लाइनें होती हैं, जिसमें गैस भरी जाती है। इसमें सब स्टेशन के उपकरण स्टॉल किए जाते हैं।

### जीआईएस तकनीक से बनेगा

प्रदेश में वितरण कंपनी का पहला जीआईएस सब स्टेशन रायपुर में बनाने की तैयारी चल रही है। इसमें स्थान बहुत कम लगता है। जल्द ही इस पर काम प्रारंभ होगा।
- **भीम सिंह कंवर**, एमडी, वितरण कंपनी

## खबर संक्षेप



### टाइल्स शॉप से एसी की कॉपर वायर पार

**रायपुर।** टिकरापारा क्षेत्र में एक दुकान में लगे एसी के कॉपर वायर पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। बताया जाता है कि तेलीबांधा में रहने वाला दिलीप आहूजा पचपेड़ी नाका में हिंदुस्तान टाइल्स का संचालन करता है। दुकान में लगा एसी काम नहीं करने की शिकायत पर उसने जांच की तो पता चला कि उसमें लगा कॉपर वायर किसी ने पार कर दिया है। दिलीप की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

### बेकरी ने कचरा फैलाया लगा 3000 रुपए जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र में गंदगी की जनशिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने नगर निगम जोन-9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के नेतृत्व और जोन स्वास्थ्य अधिकारी बारोन बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में जोरा क्षेत्र स्थित नीलम बेकरी की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कचरा फैलाए जाने से संबंधित जनशिकायत सही मिली। इस पर जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने तत्काल बेकरी संचालक को कड़ी चेतावनी देते हुए 3000 रुपए जुर्माना लगाया और प्राप्त जनशिकायत का स्थल पर पहुंचकर त्वरित निदान किया।

# स्क्रैप बेचने के नाम पर ठगी, 3 के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



उरला थाना में मेटल पार्क स्थित ममता सोलर कंपनी प्रबंधन ने तीन लोगों के खिलाफ स्क्रैप बेचने के नाम पर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्क्रैप का ज्यादा वजन दिखाने कबाड़ी ने एक ही नंबर की दो गाड़ी में एक में स्क्रैप तथा दूसरी गाड़ी में पत्थर, सीमेंट बोरी भर धरमकांटा में वजन कराने पहुंचा था। ममता सोलर कंपनी की ओर से कंपनी के मैनेजर अनुज कुमार ने सन्नी कुमार सिंह, प्रसन्न कुमार पटेल तथा रवि के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अनुज ने पुलिस को बताया है कि विधानसभा, टेकारी निवासी सन्नी कुमार ने 34 रुपए किलो की दर से 3450 किलो स्क्रैप बेचने सौदा किया। सौदा तय होने के बाद अनुज को शक हुआ और वह धरमकांटा जानकारी लेने पहुंचा, तो उसने देखा कि एक मिनी डोर शराब दुकान के पास खड़ी है। उसी नंबर की एक अन्य गाड़ी में पत्थर, ईंट तथा सीमेंट लोड मिला। स्क्रैप बेचने के नाम पर ठगी करने की जानकारी मिलने पर अनुज ने थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई। घटना में शामिल रवि फरार है, जिसकी पुलिस पतासाजी कर रही है।

## खनिज विभाग कर रहा खानापूर्ति, कार्रवाई नाम भर की

# दो माह में अवैध रेत के 110 प्रकरण दर्ज इनमें अनुमति लेने वाले भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेत के अवैध भंडारण पर खनिज विभाग खानापूर्ति कार्रवाई कर रहा है, जिसके कारण जिले में माफिया जहां अवैध रूप से जगह-जगह भंडारण कर रहे हैं, वहीं अनुमति लेकर भंडारण करने वाले भी कई लोग निर्धारित घन मीटर से कई गुना अधिक रेत भंडारण कर रहे हैं। ताज्जुब की बात यह है कि ऐसा करने वाले लोगों के विरुद्ध विभाग सिर्फ पेनाल्टी लगाकर खानापूर्ति कार्रवाई करता है, जबकि अवैध भंडारण की गई रेत में कई घन मीटर वे बेच चुके होते हैं। इधर जो अवैध रूप से रेत जब्त की जा रही है, उसे भी गांव के सरपंच के जिम्मे छोड़ दिया जा रहा है, जो कुछ हफ्तों में ही गायब हो जाती है। इसके बाद विभाग की टीम जब्त की गई रेत अपनी जगह पर है या नहीं, इसे देखने तक नहीं जाते। इस रेत के गायब होने की अगर कोई शिकायत करता भी है, तो यह कह दिया जाता है कि बारिश के पानी के बहाव में वह बह गई होगी।

**जून-जुलाई में 110 से अधिक जगहों पर जब्ती बनाई गई थी रेत, इनमें कई जगह से रेत गायबः** सूत्रों से मिले आंकड़ों के अनुसार जिला खनिज विभाग की टीम ने जून एवं जुलाई के दौरान जिले के आरंग, नया रायपुर, खरोरा, अभनपुर, मंदिर हसौद क्षेत्र के कई ग्रामों में अवैध रेत भंडारण पर कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई में 110 से अधिक प्रकरण बनाए गए थे। इनमें ज्यादातर प्रकरण में रेत का भंडारण करने वालों का पता ही नहीं चला, वहीं कई प्रकरण में भंडारण करने वालों का पता भी लगा। इनमें ऐसे लोग भी थे, जिन्होंने भंडारण करने की अनुमति ले रखी थी, लेकिन जांच में पाया गया कि उन्होंने निर्धारित रकबा एवं घन मीटर से कई गुना अधिक रेत भंडारण किया था।



### अनुबंध निरस्त करना छोड़ पेनाल्टी लेकर छोड़ दिया जाता है

रेत का भंडारण की अनुमति विभाग आवेदक की मांग के अनुसार खसरा रकबा, घन मीटर में रेत भंडारण की क्षमता तथा 1 साल से लेकर 10 साल अवधि के लिए देता है। अनुमति मिलने पर संबंधित व्यक्ति को नियमों के तहत ही रकबा में घन मीटर की क्षमता के अनुसार रेत का भंडारण करना होता है, लेकिन जो लोग इसका पालन नहीं कर क्षमता से अधिक रेत का भंडारण करते हैं, ऐसे लोगों के विरुद्ध विभाग नोटिस जारी कर उससे पेनाल्टी लेने की खानापूर्ति कार्रवाई करता है, जबकि यह पेनाल्टी अवैध रूप से किए रेत भंडारण की कीमत की तुलना में 10 से 20 प्रतिशत ही होती है। पेनाल्टी देने के बाद व्यक्ति दोबारा क्षमता से ज्यादा रेत का भंडारण करता है, जिसे बेचकर वह हर साल मोटी रकम कमाता है, जबकि इन मामलों में संबंधित व्यक्ति का अनुबंध निरस्त कर उसे ब्लैक लिस्टेड किया जाना चाहिए।

### सामान्य सभा की बैठक में रेत के अवैध भंडारण पर उपाध्यक्ष ने अधिकारी को घेरा

एक दिन पूर्व जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में भी रेत के अवैध भंडारण का मुद्दा उठा था। इस मुद्दे पर जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने आरोप लगाया था कि रेत का अवैध भंडारण कर माफिया दोगुना से अधिक कीमत पर रेत बेच रहे हैं। इस पर विभाग की लगाम नहीं है। उन्होंने प्रश्न करते हुए खनिज अधिकारी प्राची अवस्थी से पूछा कि रेत का भंडारण की अनुमति देने के लिए कोई नियम बने हुए हैं, अगर बने हैं, तो कितनी क्षमता तक भंडारण किया जा सकता है। इस पर अफसर ने बताया कि भंडारण करने की क्षमता अनलिमिटेड है। रकबा एवं क्षमता की मांग के अनुसार भंडारण की अनुमति दी जाती है।

## बिजनेस साइट

### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में शिक्षक दिवस बड़े ही गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा, कुलपति (प्रभारी) प्रो. आरआर बिराली और डीएसडब्लू प्रो. कप्तान सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। डॉ. सौरभ शर्मा ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों का भी संप्रेषण करता है। प्रो. बिराली ने माता-पिता को प्रथम शिक्षक बताते हुए शिक्षकों के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिनमें डॉ. सुरेंद्र कुमार गौतम, डॉ. अंजली यादव, भारती गजबे सहित अन्य शामिल रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में योग, शास्त्रीय और लोकनृत्य, बॉलीवुड प्रस्तुतियां हुईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच संचालन सबा परवीन ने किया और समन्वय डॉ. सागर साहू व प्रो. कप्तान सिंह ने किया।




### मैट्स विश्वविद्यालय और बॉश इंडिया फाउंडेशन के बीच एमओयू

**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय और बॉश इंडिया फाउंडेशन के बीच बेंगलुरु में एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) हुआ है। इसके अंतर्गत लीप की शुरुआत की जाएगी। इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को ऑटोमोटिव सर्विस टेक्नीशियन और सर्विस एडवाइजर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।

कुल 300 घंटे का यह प्रशिक्षण क्लासरूम, कंप्यूटर लैब, इन-हाउस ऑटोमोटिव लैब और डिजिटल लर्निंग के माध्यम से दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी व सॉफ्ट स्किल्स से सशक्त बनाना है, जिससे कम से कम 70% छात्रों को रोजगार मिल सके। यह कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रामीण व छोटे शहरों के छात्रों के लिए लाभकारी होगा।

इस ऐतिहासिक पहल का नेतृत्व डॉ. बृजेश पटेल ने किया, जबकि कुलपति प्रो. (डॉ.) केपी यादव ने टीम को शुभकामनाएं दीं। इस समझौते के साथ मैट्स विश्वविद्यालय क्षेत्र का पहला बॉश-इंडस्ट्री सहयोग केंद्र बन गया है।



■ छात्रों को मिलेगा ऑटोमोटिव स्किल्स में 300 घंटे का प्रशिक्षण

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क हृदय जांच शिविर कल

**रायपुर।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, भाठागांव रायपुर द्वारा शिक्षकों के लिए 7 सितंबर 2025 (रविवार) को निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित है। इस विशेष पहल के तहत सभी शिक्षकों को ईसीजी एवं ईको टेस्ट पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जिनेश जैन (डीएम कार्डियोलॉजी) अपनी सेवाएं देंगे। डॉ. जैन ने बताया कि हृदय रोग अक्सर बिना लक्षण के बढ़ते हैं और समय पर जांच से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। हॉस्पिटल प्रबंधन के अनुसार, भाग लेने वाले शिक्षकों के लिए प्री-रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।



### प्रदेश में अब तक 951.2 मिमी औसत वर्षा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 951.2 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1329.0 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 461.5 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 810.5 मि.मी., बलौदाबाजार में 700.4 मि.मी., गरियाबंद में 783.0 मि.मी., महासमुंद में 695.1 मि.मी. और धमतरी में 836.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 987.1 मि.मी., मुंगेली में 965.8 मि.मी., रायगढ़ में 1164.6 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 807.7 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1156.1 मि.मी., सक्ती में 1047.3 मि.मी., कोरबा में 1000.5 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 908.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 742.9 मि.मी., कबीरधाम में 670.9 मि.मी., राजनांदगांव में 830.6 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1168.0 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 690.0 मि.मी. और बालोद में 1013.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 679.8 मि.मी., सूरजपुर में 1006.0 मि.मी., जशपुर में 929.8 मि.मी., कोरिया में 1059.2 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 955.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

# नक्सल उन्मूलन को लेकर चार राज्यों के साथ केंद्रीय गृह मंत्रालय, इंटेलिजेंस की राजधानी में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित देश में नक्सली उन्मूलन को लेकर नवा रायपुर स्थित मेफेयर होटल में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा तथा तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक, एंटी नक्सल ऑपरेशन से जुड़े अफसर तथा केंद्रीय गृह तथा खुफिया विभाग के अफसरों की एक गोपनीय बैठक हुई। बैठक में मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद समाप्त करने को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया।

नक्सल उन्मूलन को लेकर आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानांद सिन्हा, अमित कुमार मध्यप्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक शामिल हुए। इसके अलावा बैठक में आईबी के डायरेक्टर तपन देव डेका, ज्वाइंट डायरेक्टर विक्रम ठाकुर शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक नक्सलियों पर अब फाइनल स्ट्राइक की तैयारी की जा रही है। पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्सेस का अंतिम वार होगा, जिससे जंगलों में छिपे नक्सलियों के सफाया करने का लक्ष्य निर्धारित करने अंतिम रूप देने विचार किया गया।



### खुफिया जानकारी आदान-प्रदान करेंगे

बैठक में चारों राज्यों के पुलिस अफसर तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय के अफसर नक्सलियों के खिलाफ फोर्स के ऑपरेशन को लेकर गंभीर चर्चा करते हुए अधिकारियों ने इस बात पर भी जोर दिया कि सभी राज्य आपस में खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान बेहतर तरीके से करें। ताकि एक राज्य से भाग कर दूसरे राज्य में छिपने वाले नक्सलियों की जानकारी स्थानीय फोर्स को मिल सके और नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया जा सके।

### हाल के दिनों में नक्सली ऑपरेशन की चर्चा

बैठक में छत्तसगढ़ में हाल के दिनों में चलाए गए नक्सली ऑपरेशन को लेकर चर्चा की गई। साथ ही मारे गए नक्सलियों की प्रोफाइल के बारे में अफसरों को जानकारी दी गई। बैठक में नक्सलियों के टूट रहे नेटवर्क तथा उन्हें किन लोगों द्वारा मदद की जा रही है, इसे लेकर बैठक में चर्चा की गई। केंद्र से आए अफसरों ने छत्तीसगढ़ में नक्सली उन्मूलन को लेकर चलाए गए ऑपरेशन को लेकर संतुष्टि व्यक्त की।

### स्थानीय लोगों का विश्वास जीतने की बात पर जोर

अपने खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से नक्सली बौखला गए हैं। इसलिए नक्सली ग्रामीणों को निशाना बना सकते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए बैठक में शामिल पुलिस अफसरों के साथ केंद्रीय अफसरों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात जवानों को पहले से ज्यादा सतर्क करने की बात पर जोर दिए। इसके साथ ही पुलिस तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय के अफसरों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों के विश्वास हासिल करने की बात पर जोर दिए।

### बैठक के बाद अफसर जगदलपुर रवाना

चारों राज्यों की पुलिस अफसरों के साथ केंद्रीय गृह मंत्रालय तथा खुफिया विभाग के अफसरों की बैठक शाम चार बजे के करीब समाप्त हुई। बैठक समाप्त होने के बाद अफसरों को दंतेवाड़ा-नरायणपुर सीमा में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिली। मुठभेड़ के बाद राज्य के पुलिस महानिदेशक अरुणदेव गौतम, एंटी नक्सल ऑपरेशन विवेकनांद सिन्हा तथा आईबी के डिप्टी डायरेक्टर विक्रम ठाकुर जगदलपुर के लिए रवाना हो गए।




### स्कूल बस को कार ने ठोका, बड़ा हादसा टला

**रायपुर।** राजधानी में गुरुवार को तेलीबांधा थाना क्षेत्र के एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार क्रेटा कार ने स्कूल बस को जोरदार टक्कर मार दी। निजी स्कूल की बस बच्चों को घर छोड़कर वापस लौट रही थी। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने ओवरटेक करते हुए बस को टक्कर मार दी।




# वन्यजीवों को बेहोश करने वाली दवाएं एक्सपायर

## अब जरूरत पड़ी तो उधार लेनी पड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन्यजीवों को रेस्क्यू करने उन्हें ट्रैंक्यूलाइज करने के लिए जंगल सफारी प्रबंधन द्वारा 2022 में दक्षिण अफ्रीका से मंगाई गई दवाएं अब पूरी तरह से एक्सपायर हो चुकी हैं। सूत्रों के मुताबिक, जंगल सफारी के पास हाथी को बेहोश करने सीमित मात्रा में दवा उपलब्ध है। इसके अलावा हाथी को कंट्रोल करने का कोई उपाय नहीं है। जरूरत पड़ने पर किसी दूसरे राज्य के वन विभाग से ट्रैंक्यूलाइज करने की दवा उधार में लेनी होगी। पिछले वर्ष बायसन रेस्क्यू करने के लिए एक्सपायरी दवा के इस्तेमाल से बार नवापारा में एक मादा बायसन की मौत तक हो चुकी है। वन विभाग के दस्तावेजों के अनुसार, 1 दिसंबर 2022 को नंदन वन जू एंड सफारी के नाम से दक्षिण अफ्रीका की दवा कंपनी ने वन्यजीवों को ट्रैंक्यूलाइज करने की दवा कैप्टिवान-98, एंटी डोज एक्टिवान तथा ट्रेक्सोनिल कॉम्बो पैक की 17 यूनिट मंगाई गई थी। इन दवाओं में से कैप्टिवान पिछले महीने एक्सपायरी हो चुकी है। ट्रेक्सोनिल पिछले वर्ष अगस्त 2024 में तथा एक्टिवान मार्च 2024 में एक्सपायरी हुई है।



**मशक्कत के बाद आती हैं दवाएंः** वन्यजीवों को ट्रैंक्यूलाइज करने की दवाओं को आयात करना आसान नहीं है। इन दवाओं को इंपोर्ट करने सेंट्रल नारकोटिक्स डिपार्टमेंट के साथ कस्टम तथा अन्य केंद्रीय एजेंसियों से अनुमति लेनी होती है। प्रक्रिया पूरी करने में एक साल तक का समय लग सकता है। वन विभाग के अफसर दवाओं की लगातार मॉनिटरिंग करते रहते हैं। दवाओं के एक्सपायरी होने के एक साल पहले से नया स्टॉक मंगाने की तैयारी की जाती है।

### अब तक नहीं किया गया नष्टीकरण

एक्सपायरी दवाओं का नारकोटिक्स अफसरों की निगरानी में नष्टीकरण किया जाता है। सफारी के स्टॉक रूम में रखी एक्सपायरी दवाओं का अब तक नष्टीकरण नहीं किया गया है। इसकी वजह जिस दवा से बायसन की मौत हुई थी, उसकी जांच कंप्लीट नहीं होने की बात कही जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, एक्साइज विभाग की एक टीम पूर्व में शिकायत की जांच करने जंगल सफारी का विजिट कर चुकी है।

### दवाएं गायब होने की बात सामने आ रही

वन्यजीवों को ट्रैंक्यूलाइज करने दक्षिण अफ्रीका से जिन दवाओं को इंपोर्ट किया गया था। उनमें से कुछ दवाओं के मिसिंग होने की जानकारी मिली है। सूत्रों के मुताबिक, मिसिंग दवाओं की विभागीय स्तर पर जांच की जा रही है। इसी वजह से एक्साइज डिपार्टमेंट की टीम जंगल सफारी में स्टॉक की जांच करने पहुंची थी। मिसिंग दवाओं को लेकर विभागीय स्तर पर क्या कार्रवाई की गई, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

